

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी



आप सभी को छठ पूजा
महापर्व के पहले दिन
नहाय-खाय की हार्दिक शुभकामनाएं



पूर्णिया शनिवार 25 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 213


# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोजगार मेले में कहा, युवा सशक्तिकरण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**नई दिल्ली,** (हि.स.) –

» 51 हजार युवाओं को विभिन्न मंत्रालयों में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

» रोजगार मेले और स्किल इंडिया मिशन से युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

» भारत के विदेश निवेश और मुक्त व्यापार समझौते नए रोज़गार अवसर पैदा कर रहे हैं।

» जीएसटी सुधार और आर्थिक वृद्धि से उत्पादन और रोजगार सृजन में मदद मिल रही है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित रोजगार मेले को संबोधित करते हुए युवाओं के लिए 'प्रतिभा सेतु पोर्टल' की घोषणा की। यह पोर्टल उन उम्मीदवारों के लिए अवसर प्रदान करता है, जो यूपीएससी की अंतिम सूची में पहुँचकर चयनित नहीं हो पाए। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि युवाओं के प्रयास व्यर्थ नहीं जाएंगे और निजी व सार्वजनिक संस्थान अब इस पोर्टल के माध्यम से इन प्रतिभाओं से जुड़ रहे हैं।

**51 हजार नियुक्तियाँ वितरण**

प्रधानमंत्री ने विभिन्न मंत्रालयों और सरकारी संस्थानों में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियाँ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान का अवसर हैं और नियुक्त व्यक्ति निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे।

**युवा सशक्तिकरण और रोजगार मेले** : प्रधानमंत्री ने बताया कि युवा सशक्तिकरण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रोजगार मेले युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने का माध्यम बन गए हैं। हाल ही में इन मेलों के माध्यम से 11 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। सरकार की योजनाओं जैसे 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना' और 'स्किल इंडिया मिशन' के जरिए 3.5 करोड़ युवाओं को रोज़गार और प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है।

**वैश्विक सहयोग और निवेश से अवसर** : प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए अवसर तैयार करने में विदेश नीति की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने ब्रिटेन और यूरोपीय देशों के साथ निवेश साझेदारी और मुक्त व्यापार समझौतों से रोज़गार सृजन के अवसर बढ़ने की संभावना बताई।

**आर्थिक सुधार और रोज़गार**

प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी दरों में कटौती जैसे सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे उपभोक्ता बचत बढ़ती है, मांग में वृद्धि होती है और उत्पादन व आपूर्ति श्रृंखला तेज़ होती है। इससे कारखानों में उत्पादन बढ़ता है और नए रोज़गार सृजित होते हैं।

## प्रधानमंत्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस समापन समारोह में आएंगे कुरुक्षेत्र

**चंडीगढ़,** (हि.स.)। हरियाणा सरकार ने गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर राज्यभर में ऐतिहासिक धार्मिक यात्राओं की घोषणा की है। नवंबर में चार विशाल यात्राएं विभिन्न जिलों से निकलेंगी और 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में भव्य समापन समारोह में एकजुट होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की पुष्टि हो चुकी है। पहली यात्रा 8 नवंबर को सिरसा के रोड़ी से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा झंडी दिखाकर रवाना की जाएगी। इसके बाद 11 नवंबर को पिंजौर, 14 नवंबर को फरीदाबाद और 18 नवंबर को कपल मोचन से यात्राएं प्रारंभ होंगी। सभी यात्राओं में धार्मिक झांकियाँ, शबद कीर्तन, रात्रि प्रवचन और सामाजिक समरसता सभाएं आयोजित की जाएंगी। राज्यव्यापी कार्यक्रम 1 नवंबर को 'मेगा ब्लड डोनेशन कैंप' से शुरू होंगे। 3 नवंबर को स्कूलों में निबंध लेखन प्रतियोगिता और 'सुनो कहानी गुरु तेग बहादुर' कार्यक्रम होंगे। 5 नवंबर को सिख दंगा पीड़ितों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। इस प्रकार यह आयोजन शांति, त्याग और साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश देगा।



## नीतीश कुमार ने राज्यवासियों को दी छठ महापर्व की शुभकामनाएं

**पटना,** (हि.स.)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि लोक आस्था का यह महापर्व आत्मानुशासन का पर्व है, जिसमें लोग आत्मिक शुद्धि और निर्मल मन से अस्ताचल और उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं।



मुख्यमंत्री ने लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर भगवान भास्कर से राज्य की प्रगति, सुख, समृद्धि, शांति और सौहार्द्र के लिये प्रार्थना की तथा राज्यवासियों से अपील की है कि वे इस महापर्व को मिल-जुलकर आपसी प्रेम, पारस्परिक सद्भाव और शांति के साथ मनायें।

## जीएसटी अधिकारी ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करें : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली,** (हि.स)। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी अधिकारियों को ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से पंजीकरण मंजूरी और शिकायत निवारण में प्रौद्योगिकी के अधिकतम उपयोग का आह्वान किया और



क्षेत्रीय इकाइयों को व्यापार करने में सुगमता लाने के लिए सक्रिय रहने के लिए कहा। सीतारमण ने यह बात गाजियाबाद में नवनिर्मित केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) भवन के उद्घाटन के अवसर पर कही। उन्होंने बताया कि नया भवन सुशासन और दक्षता का प्रतीक है, जहां बुनियादी ढांचा नवाचार के साथ संरेखित है। वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा कि अधिकारियों और व्यापारियों के बीच कोई लोहे की दीवार नहीं, केवल समझ और सहयोग होना चाहिए। गाजियाबाद के नए सीजीएसटी भवन में दो बेसमेंट और सात मंजिलें हैं, यह 2.21 एकड़ में फैला है और इसमें लगभग 300 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा है। भवन का निर्माण 116 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है, जिसमें आयुक्तालय, लेखा परीक्षा और अपील कार्यालय एक ही छत के नीचे हैं।

## पाकिस्तान में बम धमाका :



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के हांगू ज़िले में पुलिस वाहन पर बम हमला हुआ। इसमें पुलिस अधीक्षक असद जुबैर समेत तीन पुलिसकर्मी मारे गए और दो घायल हुए। घायल अफ़सरों को हांगू जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गृह मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री ने हमले की निंदा करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## लद्दाख हिंसा मामला : न्यायिक आयोग की कार्यवाही शुरू, दर्ज किए सोनम वांगचुक के बयान

**जोधपुर,** (हि.स.)। लद्दाख हिंसा मामले में एनएसए के तहत गिरफ्तार समाजसेवी और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की जांच अब जोधपुर सेंट्रल जेल में शुरू हो गई है। उच्चस्तरीय न्यायिक आयोग ने शुक्रवार को जेल परिसर में सुनवाई कर वांगचुक के बयान दर्ज किए।

**उच्चस्तरीय आयोग की संरचना**

जांच की अध्यक्षता जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एमके हंजूरा कर रहे हैं। उनके साथ लेह और कारगिल के जिला न्यायाधीश



मनोज परिहार और स्पल जयेश अंगमों भी जांच प्रक्रिया में शामिल हैं। तीनों न्यायाधीश गुरुवार को जोधपुर पहुंचे और जेल प्रशासन के साथ सुरक्षा एवं प्रक्रिया संबंधी तैयारियों का जायजा लिया।

**सुरक्षा और राजनीतिक प्रतिक्रिया** : जोधपुर जेल और पुलिस ने जांच के दौरान कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लद्दाख और देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए, जिनमें राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने उनकी रिहाई की मांग की थी। आयोग की जांच से लद्दाख हिंसा की पृष्ठभूमि और वांगचुक की भूमिका पर अहम खुलासे होने की संभावना है।

## मुख्यमंत्री योगी का बड़ा निर्णय, 30 साल बाद बढ़ेंगे पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के वित्तीय अधिकार

**लखनऊ** (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के वित्तीय अधिकार पांच गुना तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे विभागीय अधिकारियों को निर्णय लेने में अधिक स्वायत्तता मिलेगी और निविदा, अनुबंध गठन व कार्यारंभ की प्रक्रिया में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुधार वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाएगा।



**कार्यक्षमता और पारदर्शिता सुनिश्चित** : मुख्यमंत्री ने कहा कि नियमावली का संशोधन विभाग की कार्यकुशलता, तकनीकी गुणवत्ता और सेवा भावना को मजबूत करेगा। योग्यता, अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति से लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

**वित्तीय अधिकारों का पुनर्निर्धारण** : मुख्यमंत्री ने बैठक में बताया कि वर्ष 1995 के बाद से अधिकारियों के वित्तीय अधिकार अपरिवर्तित रहे हैं, जबकि निर्माण कार्यों की लागत पांच गुना बढ़ चुकी है। कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स के अनुसार वर्ष 1995 से 2025 तक लगभग 5.52 गुना वृद्धि हुई है। इसके चलते सिविल कार्यों के लिए वित्तीय अधिकार पांच गुना और विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए कम से कम दो गुना बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

**पदोन्नति और सेवा संरचना में बदलाव** : बैठक में उत्तर प्रदेश अभियंता सेवा (लोक निर्माण विभाग) (उच्चतर) नियमावली, 1990 में संशोधन पर चर्चा हुई। इसमें मुख्य अभियंता (स्तर-एक) का नया पद शामिल किया गया और अन्य पदों की संख्या व पदोन्नति प्रक्रिया स्पष्ट की गई। सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतनमान और मैट्रिक्स पे लेवल भी निर्धारित किए गए।

## जापान की नयी प्रधानमंत्री ने संसद में दिया नई सरकारी नीतियों का ब्यौरा

**टोक्यो,** (हि.स.)। जापान की नई प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने महंगाई और राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए कई बड़े कदमों की घोषणा की है। उन्होंने ऊर्जा बिल घटाने, आयकर की सीमा बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा सुधार पर जोर दिया। ताकाइची ने "जापान विकास रणनीति परिषद" की स्थापना और आर्थिक तथा खाद्य सुरक्षा में निवेश बढ़ाने का एलान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में राष्ट्रीय सुरक्षा व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के 2% तक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बजट पूरक विधेयक के माध्यम से बिजली और



गैस बिलों में सहायता देने और स्थानीय अनुदानों का विस्तार करने का प्रस्ताव रखा। वार्षिक आय अवरोध को बढ़ाने और राजकोषीय प्रोत्साहन के माध्यम से मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने की भी योजना है। विदेशी निवासियों के मामलों में सरकार अवैध कृत्यों पर कड़ा रुख अपनाएगी और घृणा के खिलाफ स्पष्ट रेखा खींचेगी। अमेरिका और चीन के साथ रणनीतिक संबंधों को संतुलित रूप से बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

## छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में फूड पॉइजनिंग से पांच की हुई मौत, 20 से ज्यादा ग्रामीण बीमार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

■ **प्रशासनिक अधिकारी और स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर बीमारों का इलाज कर रही हैं।**

नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक के डूंगा गांव के घोट पारा में फूड पॉइजनिंग की घटना में पांच ग्रामीणों की मौत हो गई है, जबकि 20 से अधिक लोग बीमार हैं। यह घटना 14 अक्टूबर को एक तेरहवीं के कार्यक्रम में हुए भोजन के बाद सामने आई। ग्रामीणों ने उल्टी-दस्त की शिकायत की, और प्रारंभिक उपचार गांव के सिरहा गुनिया केंद्र से करवाया गया।



**स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई:**

नारायणपुर और बीजापुर जिले की स्वास्थ्य विभाग की टीम गुरुवार शाम को गांव पहुंची और प्रभावित लोगों का उपचार शुरू किया। सीएमएचओ डॉ. टीआर कंवर के अनुसार, दूषित भोजन खाने से मौतें हुई हैं। 20 ग्रामीण उल्टी-दस्त से पीड़ित पाए गए, जबकि दो को मलेरिया और अन्य तीन को विभिन्न बीमारियों की शिकायत थी। एक महिला को भैरमगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है।

**प्रशासनिक प्रतिक्रिया :**

नारायणपुर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने पांच मौतों की पुष्टि की और बताया कि प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। भोजन के सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बीमारों का उपचार कर रही हैं और राहत कार्य जारी है।

## आईएसआईएस मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार, जेल

**नई दिल्ली,** (हि.स.) दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआईएस से जुड़े एक इंटरस्टेट मॉड्यूल को पकड़ते हुए बड़ी आतंकी साजिश नाकाम कर दी। दिल्ली और भोपाल में छापेमारी के दौरान दो संदिग्ध आतंकियों मोहम्मद अदनान खान उर्फ अबू मुहरिब (19) और अदनान खान उर्फ अबू मोहम्मद (20) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि वे आगामी त्योहारों के दौरान दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमले की योजना बना रहे थे।

**ऑनलाइन कट्टरपंथ और भर्ती**



**पृष्ठभूमि और पूछताछ**

भोपाल निवासी अदनान पहले यूपी एटीएस द्वारा गिरफ्तार हो चुका था। दिल्ली का मोहम्मद अदनान मूल रूप से एटा (उप्र) का रहने वाला है और सोशल मीडिया के माध्यम से कट्टरपंथी विचारधारा में शामिल हुआ। पूछताछ में दोनों ने सीरिया स्थित आईएसआईएस हैंडलर से संपर्क होने और युवाओं को आतंक की ओर ले जाने की योजना कबूल की।

जांच में सामने आया कि दोनों आरोपित सोशल मीडिया पर कट्टरपंथी वीडियो एडिट कर युवाओं को बरगलाते और भर्ती करते थे। वे आईईडी बनाने की दिशा में भी सक्रिय थे। उनके पास से टाइमर क्लॉक, आईएसआईएस का झंडा, आईईडी मैनुअल, पेन ड्राइव और लैपटॉप बरामद हुआ।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# पूरा बिहार कह रहा है फिर एक बार एनडीए सरकार : मोदी

## कर्पूरी ठाकुर को नमन कर समस्तीपुर से की चुनावी यात्रा की शुरुआत, कहा — बिहार अब विकास के नए दौर में

**पटना/समस्तीपुर/बेगूसराय,** (हि.स.)

बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपने चुनाव अभियान की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने पहले समस्तीपुर जिले के कर्पूरी ग्राम में भारत रत्न स्वर्गीय जननायक कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की और इसके बाद विशाल जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद बेगूसराय में राजग उम्मीदवारों के पक्ष में आयोजित जनसभा में उन्होंने राज्य में विकास और सुशासन पर जोर दिया और लोगों से






अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया।

**समस्तीपुर : कर्पूरी ठाकुर को नमन और विकास का आह्वान**

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने समस्तीपुर दौरे में कहा कि जब नीयत साफ और नीतियां देशहित में होती हैं, तो जनता बार-बार आशीर्वाद देती है। उन्होंने वर्ष 2005 में बिहार में सुशासन की शुरुआत का उल्लेख करते हुए कहा कि आज राज्य विकास के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा, "बिजली, पानी, गैस और सड़कों पर लगातार काम हो रहा है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं और लोगों के जीवन में समृद्धि आ रही है।"

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत मिथिला भाषा में करते हुए उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और कर्पूरी ठाकुर को सामाजिक न्याय और समान अवसर के प्रतीक के रूप में याद किया। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार ने पिछड़े और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए मेडिकल शिक्षा में ओबीसी आरक्षण और स्थानीय भाषाओं में पढ़ाई को बढ़ावा देने जैसी पहल की हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए का उद्देश्य मुफ्त इलाज, नल का जल और बुनियादी सुविधाओं को हर घर तक पहुंचाना है और जनता का उत्साह यह दर्शाता है कि बिहार विकास और सुशासन की राह पर अग्रसर रहना चाहता है।

**बेगूसराय : राजग उम्मीदवारों को समर्थन का आह्वान**

प्रधानमंत्री मोदी ने बेगूसराय में आयोजित सभा में महागठबंधन (राजद-कांग्रेस) पर टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य में सुशासन और विकास के लिए निर्णय लेने वाली सरकार का महत्व है। उन्होंने युवाओं और निवेशकों के अवसरों के लिए स्थिर और पारदर्शी प्रशासन की आवश्यकता पर जोर दिया।

सभा में मंच पर मौजूद राजग उम्मीदवारों — कुंदन सिंह (मटिहानी), राजकुमार सिंह (साहेबपुर कमाल), सुरेंद्र विवेक (चेरिया बरियारपुर), अभिषेक आनंद (बखरी), संजय पासवान (तेघरा), रजनीश कुमार (तेघरा) और सुरेंद्र मेहता (बछवारा) — का उल्लेख करते हुए लोगों से उन्हें समर्थन देने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा वर्ग और जनता को अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करना चाहिए, ताकि राज्य में सुशासन और विकास की दिशा मजबूत बनी रहे। उन्होंने पिछले दशकों के राजनीतिक अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा कि स्थिर नेतृत्व ही विकास सुनिश्चित कर सकता है।

**जनता में उत्साह और लोकतंत्र का संदेश**

दोनों सभाओं में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे आने वाले चुनाव में लोकतंत्र और विकास के पक्ष में मतदान करें। उनके अनुसार, जनता का उत्साह और सहभागिता बिहार में सुशासन और स्थायित्व की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

---

# सिवान में जंगलराज की वापसी नहीं होने देना है : अमित शाह

**पटना,** (हि.स.)।

» गृह मंत्री ने कहा कि यह चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है।

» सड़क, रेल, मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज और पावर ग्रिड निर्माण को उपलब्धि बताया।

» अमित शाह ने आतंकवाद और घुसपैठियों के खिलाफ केंद्र सरकार की कार्रवाई का जिक्र किया।

» सिवान से उम्मीदवार और राजग के कई नेता-कार्यकर्ता सभा में उपस्थित रहे।



**सिवान में शहाबुद्दीन और लालू-राबड़ी शासन पर निशाना**

अमित शाह ने सिवान में कहा कि उन्होंने नामांकन के बाद पहली सभा सिवान में करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने शहाबुद्दीन के शासनकाल में हुई हत्याओं और अत्याचारों का जिक्र करते हुए कहा कि इस दौरान सिवान की भूमि लहूलुहान हुई थी। उन्होंने लालू यादव द्वारा शहाबुद्दीन के बेटे को टिकट देने का विरोध किया और कहा कि सिवान को फिर से जंगलराज से बचाना आवश्यक है।

बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान से पहले प्रचार-प्रसार तेज हो गया है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्तीपुर और बेगूसराय में जनसभाओं को संबोधित किया, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिवान में भारी जनसभा को संबोधित किया।

**नीतीश सरकार की उपलब्धियों का बखान :** गृह मंत्री ने कहा कि यह चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। उन्होंने सड़क, रेल, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज, पावर ग्रिड निर्माण जैसे कार्यों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार ने 125 यूनिट बिजली फ्री की, पटना को मेट्रो दी, जीविका दीदियों और आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि की। उन्होंने महागठबंधन में सीटों के बंटवारे और विवादों पर भी तंज कसा।

**सुरक्षा और केंद्र सरकार की योजनाओं पर जोर :** अमित शाह ने आतंकवाद और घुसपैठियों के खिलाफ मोदी सरकार की कार्रवाई का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में आतंकवादियों को संरक्षण मिलता था, जबकि वर्तमान सरकार ने उन्हें सबक सिखाया। सभा में सिवान से उम्मीदवार मंगल पाण्डेय, जीरादेई से भीष्म प्रताप कुशवाहा, दुरौंधा से कर्णजीत सिंह, बरहड़िया से इंद्रदेव सिंह पटेल और हथुआ से रामसेवक सिंह सहित कई राजग नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# समस्तीपुर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा - वे लोग परिवार के लिए और हम लोग जनता के लिए कार्य करते हैं

**पटना,** (हि.स.)। समस्तीपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी सभा को संबोधित किया।

इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनता तक सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। सड़क, बिजली को सुदृढ़ करने के लिए कार्य किए गए हैं। महिलाओंको आत्मनिर्भर बनाने और सशक्त करने के लिए कई योजनाओं के माध्यम से मदद की जा रही है। साथ ही युवाओं को नए अवसर मिले इसके लिए प्रयास किए गए हैं।



उन्होंने महागठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि वे लोग परिवार के लिए काम रहे हैं। हम लोग परिवार के लिए नहीं बल्कि जनता के लिए कार्य करते हैं।

उन्होंने फिर दुहराया कि हम एनडीए के साथ हैं और रहेंगे। बिहार के विकास में केंद्र का सहयोग मिल रहा है। प्रधानमंत्री सहयोग कर रहे हैं। जैसे देश विकसित है बिहार को भी विकसित बनाना है।

उन्होंने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है कानून का राज है। सभी के लिए काम किया है। चाहे हिन्दू हो या मुस्लिम हो, अगड़ा हो, पिछड़ा हो या अति पिछड़ा को सभी के विकास के लिए सामान रूप से कार्य किए गए हैं।उन्होंने अपील की कि किसी दूसरे को वोट नहीं दीजिएगा। उन्होंने सभा में मौजूद सभी उम्मीदवारों को जिताने की अपील की।

---

# राजधानी पटना में दोस्त ने दोस्त को मारी गोली, आपसी विवाद बना वजह

**पटना,** (हि.स.)। पटना। राजधानी पटना में शुक्रवार को आपसी विवाद के चलते एक युवक ने अपने ही दोस्त को गोली मार दी। यह घटना पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र के सिमली शाहदरा इलाके में हुई। गोली लगने से घायल युवक की पहचान विकास कुमार के रूप में हुई है। उसे स्थानीय लोगों की मदद से पहले एनएमसीएच और बाद में बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

घटना के संबंध में मालसलामी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि



प्रारंभिक जांच में मामला आपसी विवाद का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है ताकि गोली चलाने वाले की पहचान और घटनाक्रम की पुष्टि की जा सके।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसी मामूली बात को लेकर विकास कुमार और उसके दोस्त के बीच कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गुस्से में आकर विकास पर गोली चला दी, जिससे वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल को अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी डॉ. गौरव ने मौके पर पहुंचकर जांच की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी जल्द ही गिरफ्त में होगा। फिलहाल इलाके में तनाव का माहौल है और पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है ताकि शांति बनी रहे।

---

# बिहार चुनाव 2025 : एआई के दुरुपयोग पर निर्वाचन आयोग ने दी सख्त चेतावनी

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के दुरुपयोग को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। आयोग ने कहा है कि एआई के माध्यम से झूठे लेकिन वास्तविक लगने वाले वीडियो, ऑडियो या संदेश तैयार करना चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता के लिए गंभीर खतरा है।

आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए शुक्रवार को यह परामर्श जारी किया। इसमें कहा गया कि किसी भी पार्टी के आधिकारिक सोशल




मीडिया हैंडल पर कृत्रिम रूप से तैयार या एआई-संशोधित सामग्री, जो गलत सूचना फैलाती हो, उसे नोटिस या रिपोर्ट के तीन घंटे के भीतर हटाना अनिवार्य होगा।

राजनीतिक दलों को ऐसे सभी एआई-जनित अभियान सामग्रियों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें निर्माता की जानकारी और समय-चिह्न (टाइमस्टैम्प) शामिल हो, ताकि आयोग के पूछने पर सत्यापन किया जा सके।

निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रचार सामग्री में यदि एआई का उपयोग किया गया है, तो उस पर "एआई-जनित", "डिजिटल रूप से संवर्धित" या "कृत्रिम सामग्री" जैसे स्पष्ट लेबल अंकित करना होगा। यह लेबल दृश्य सामग्री में कम से कम 10 प्रतिशत क्षेत्र या ऑडियो में प्रारंभिक 10 प्रतिशत अवधि को कवर करेगा।आयोग ने दोहराया कि एआई आधारित भ्रामक सामग्री न केवल मतदाताओं को भ्रमित करती है बल्कि चुनावी समानता को भी प्रभावित करती है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षा की गई है कि वे एआई के प्रयोग में पारदर्शिता और जिम्मेदारी बरतें, ताकि बिहार चुनाव 2025 निष्पक्ष और स्वच्छ माहौल में संपन्न हो सके।

---

# बिहार के कुढ़नी और छपरा विधानसभा सीटे से भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में केशव मोर्या ने की सभा

**पटना,** (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को बिहार के 94-कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार केदार प्रसाद गुप्ता एवं 118-छपरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी छोटी कुमारी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री मौर्य ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से भारी समर्थन और आशीर्वाद की अपील की।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बिहार में विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए



भाजपा प्रत्याशियों की जीत आवश्यक है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि इन दोनों पार्टियों ने बिहार को केवल भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अपराध की राजनीति दी है।उन्होंने जनता से आह्वान किया कि बिहार के उज्जवल भविष्य के लिए भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों को विजयी बनाएं। जनसभा में भारी जनसैलाब और उत्साह के बीच उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की गति और तेज होगी।

---

# महापर्व छठ का चार दिवसीय महाअनुष्ठान शनिवार को नहाय-खाय के साथ होगा शुरू

**पटना** (हि.स.) पटना में चार दिवसीय छठ महापर्व 25 अक्टूबर शनिवार से 'नहाय-खाय' से प्रारंभ हो रहा है। इस दिन व्रती पवित्र स्नान करके शरीर और मन की शुद्धि करते हैं। इसके बाद सात्विक भोजन का सेवन किया जाता है, जिसमें कद्दू, चना दाल और चावल शामिल होते हैं। यह दिन व्रतियों के लिए संयम, शुद्धता और भक्ति की शुरुआत का प्रतीक है। शहर के प्रमुख घाटों और नदी किनारे विशेष साफ-सफाई और सजावट का काम किया गया है।

**खरना और निर्जला उपवास**



26 अक्टूबर को खरना का महापर्व होगा। इस दिन व्रती शाम को खीर और फल ग्रहण करने के बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास रखेंगे। उपवास के दौरान व्रती भोजन और पानी से दूर रहते हुए संयम, भक्ति और आत्मा की शुद्धि का पालन करते हैं। यह पर्व केवल पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि व्रतियों की आत्मा और शरीर की तपस्या का प्रतीक भी है।

**संध्या और सुबह अर्घ्य**

27 अक्टूबर को डूबते सूर्य को संध्या अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। श्रद्धालु नदी और तालाब के किनारे जाकर जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते हैं। अगले दिन, 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को सुबह अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इस प्रकार चार दिवसीय महा-अनुष्ठान का समापन होगा। छठ महापर्व सूर्य, छठी मइया, जल, वायु और प्रकृति को समर्पित होता है।

**पारंपरिक और सांस्कृतिक महत्व :** मिथिला क्षेत्र की महिलाएं इस अवसर पर पारंपरिक बिना सिलाई की शुद्ध सूती धोती पहनती हैं, जबकि पुरुष, युवा और बुजुर्ग भी व्रत में सहभागी होते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, देवासुर संग्राम में देवताओं की हार के बाद देवी अदिति ने सूर्य की पूजा की थी। इसके फलस्वरूप आदित्य भगवान ने देवताओं को विजय दिलाई। यह पर्व न केवल धार्मिक भक्ति का प्रतीक है, बल्कि बिहार की वैदिक संस्कृति और परंपरा की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करता है।

# जिला पदाधिकारी ने छठ महापर्व के मद्देनजर घाटों का किया व्यापक निरीक्षण, सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर जारी किए सख्त दिशा-निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने शुक्रवार को छठ महापर्व के दृष्टिगत पूर्णिया जिले के प्रमुख घाटों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाटों पर सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात और मतदाता जागरूकता से जुड़ी कई आवश्यक व्यवस्थाओं और दिशा-निर्देशों का निर्देश दिया।



**प्रमुख घाटों पर सुरक्षा और आपात व्यवस्थाओं का ध्यान**

जिलाधिकारी ने पक्की तालाब, सिटी काली मंदिर घाट, दमका घाट, कप्तान पुल, चुनापुर घाट सहित गहरे पानी और भीड़-भाड़ वाले सभी घाटों में अनिवार्य रूप से बैरिकेटिंग, एसडीआरएफ टीम, गोताखोर, मोटर बोट, नाव, वाच टॉवर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पुलिस बल और दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति भी सुनिश्चित करने को कहा गया।

**मतदाता जागरूकता और स्वच्छता के निर्देश**

जिलाधिकारी ने सभी महत्वपूर्ण घाटों पर मतदाता जागरूकता हेतु SVEEP गतिविधियों, फलैक्स, हॉरडिंग्स, और तोरण द्वार आकर्षक ढंग से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। साथ ही, साफ-सफाई, गड्ढा भरना, Changing Room निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, और आवश्यकतानुसार बेरीकेडिंग कराने का भी निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन ने घाटों पर मोटरबोट, नाव और गोताखोर जैसी व्यवस्थाओं की पूरी जिम्मेदारी अधिकारियों को सौंप दी।

**यातायात और विद्युत सुरक्षा की विशेष व्यवस्था**

: जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और थानाध्यक्षों को यातायात सुगम बनाने और घाटों पर पार्किंग स्थल निर्धारित करने के निर्देश दिए। कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल को भी घाटों पर विद्युत नियंत्रण कक्ष स्थापित करने, विद्युत वायरिंग जाँचने, झुके हुए पोल सीधा करने और सेपरेटर लगाने का आदेश दिया गया। इस दौरान प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी दी गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को विडियोग्राफर की व्यवस्था भी करने का निर्देश दिया ताकि सभी गतिविधियों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सके।

**आपातकालीन संपर्क और नियंत्रण कक्ष** : जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिला स्तर पर जिला आपातकालीन संचालन केंद्र और कंट्रोल रूम 24×7 सक्रिय रहें। किसी भी आपात स्थिति में संपर्क करने के लिए नंबर दिए गए हैं: 0 6 4 5 4 2 4 2 3 1 7, 0 6 4 5 4 2 4 2 3 1 9, 06454242320

निरीक्षण में उपस्थित अधिकारी

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त, कार्यपालक अभियंता विद्युत, अंचलाधिकारी, सिटी प्रबंधक, नगर निगम और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

सुरक्षा, और सुविधा के साथ मतदाता जागरूकता पर फोकस

पूर्णिया जिला प्रशासन ने छठ महापर्व 2025 के लिए सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और मतदाता जागरूकता को प्राथमिकता देते हुए एक व्यापक और समन्वित व्यवस्था सुनिश्चित की है। जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी घाटों पर नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि रहेगी।

# पूर्णिया में निर्वाचन व्यय कों लेकर बैठक में, अभ्यर्थियों को दिया गया प्रशिक्षण और दिशा निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर पूर्णिया जिला में निर्वाचन व्यय को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता व्यय प्रेक्षक ने की, जिसमें जिले के सभी सात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों ने भाग लिया।



**बैठक का उद्देश्य:**

बैठक का मुख्य उद्देश्य अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय संबंधी नियम, प्रशिक्षण और जानकारी प्रदान करना था। चुनावी व्यय प्रेक्षक ने बैठक में स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया में सभी अभ्यर्थियों को निष्पक्ष अवसर सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थी को अधिकतम 40 लाख रुपये तक व्यय करने की अनुमति दी गई है।

**निर्देश और प्रक्रियाएँ:**

व्यय प्रेक्षक ने अभ्यर्थियों को बताया कि निर्वाचन व्यय के सभी लेन-देन का ब्यौरा उनके Expenditure रजिस्टर में अंकित करना अनिवार्य है। यह कदम पारदर्शिता और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**प्रशिक्षण की भूमिका:**

बैठक के दौरान अभ्यर्थियों को व्यय लेखांकन के तरीकों, व्यय की समय-सीमा और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इससे अभ्यर्थियों को व्यय की रिपोर्टिंग और प्रलेखन में किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने में मदद मिलेगी।

**बैठक का महत्व:**

यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे न केवल सभी अभ्यर्थियों को समान और पारदर्शी व्यय का अवसर मिलता है, बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया में अनुशासन और ईमानदारी भी सुनिश्चित होती है। पूर्णिया जिला में आयोजित यह बैठक आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के सफल, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन में एक निर्णायक कदम साबित होगी।

# पूर्णिया विधानसभा में भाजपा के प्रधान कार्यालय का केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घघाटन एवं शुभारम्भ

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र 62 में चुनावी प्रबंधन हेतु नया भाजपा प्रधान कार्यालय टैक्सी स्टैंड के समीप राजस्थान सेवा समिति परिसर में खोला गया है! शुक्रवार को इस नये कार्यालय का उद्घघाटन एवं एवं शुभारम्भ केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। इस अवसर पर झारखंड के सांसद प्रदीप वर्मा, छत्तीसगढ़ के



विधायक सुनील सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह, आरएलएम अध्यक्ष रमेश कुशवाहा और डीजीपी अध्यक्ष सौरभ झा ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने संयुक्त रूप से श्रीफल तोड़कर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के राजनीतिक और सामाजिक प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री ने कार्यालय के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह जनता और सरकारी विभागों के बीच संपर्क का एक माध्यम बनेगा। उन्होंने नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और सुविधा उपलब्ध कराने में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में संत मुरारी बाबा और जीवन ज्योति केंद्र कबीर मठ के आचार्य जितेंद्र बाबा ने भी आशीर्वाद दिया। उन्होंने क्षेत्रीय विकास और सामाजिक कल्याण में सहयोग करने का आग्रह किया।साथ ही, कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने क्षेत्र में विकास और जनकल्याण से जुड़ी गतिविधियों में सहयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और कार्यालय के माध्यम से समस्याओं के समाधान की सुविधा को सुनिश्चित करने पर बल दिया।

# साइबर ठगी का शिकार वादी को मिला राहत, 1 लाख से अधिक रुपये वापस

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

साइबर अपराध में धोखाधड़ी का शिकार हुई गजाला आफ्हीन को बड़ी राहत मिली है। पैंशन चालू कराने के नाम पर इंटरनेट के माध्यम से ठगी करने वाले अपराधियों के खिलाफ साइबर थाना, पूर्णिया ने दिनांक 24 अक्टूबर 2025 को कांड दर्ज कर अनुसंधान करते हुए कार्रवाई की। साइबर ठगी के मामले में जांच के दौरान आरोपी का पता लगाया गया और वादी गजाला आफ्हीन से ठगी गई कुल रकम 1,00,500 रुपये वादी को वापस कराई गई। इस कार्रवाई से न केवल पीड़ित को न्याय मिला, बल्कि साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी मदद मिली।



साइबर थाना पूर्णिया ने जनता से अपील की है कि किसी भी वित्तीय लेन-देन या ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में तुरंत थाने से संपर्क करें।

# पूर्णिया में चुनावी सुरक्षा : डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को दृष्टिगत रखते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार और पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत ने शुक्रवार को दाल खोला चेक पोस्ट एवं एसएसटी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य चुनावी सुरक्षा को सुदृढ़ करना और संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण रखना था।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीएसएफ और एसएसटी के



कर्मियों से चेक पोस्ट पर वाहनों और व्यक्तियों की आवागमन प्रक्रिया, जांच-पड़ताल की स्थिति तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चेक पोस्ट पर सघन निगरानी बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन के आने-जाने पर गहन जांच की जाए।

जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि चेक पोस्ट पर लगे सीसीटीवी कैमरे 24×7 सक्रिय रहें, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों का तत्काल पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कदम चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आवश्यक संसाधनों और कर्मचारियों की तैनाती का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क रहें। इस पहल से क्षेत्र में मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित होंगी।

# धमदाहा व रूपौली विधानसभा में मतदान दलों के लिए वाहन उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर बैठक

**न्यूज स्केल धमदाहा**

विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर शुक्रवार को वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी शंकर शरण ओमी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में धमदाहा एवं रूपौली विधानसभा क्षेत्रों में मतदान दलों को वाहन उपलब्ध कराए जाने की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। श्री ओमी ने कहा कि चुनाव कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए पर्याप्त संख्या में वाहनों की अग्रिम व्यवस्था की जाए और सभी वाहनों की फिटनेस, चालक की उपलब्धता तथा रूट चार्ट का पूर्व परीक्षण कर लिया जाए।



इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम, भूमि सुधार उप समाहर्ता मोहित कुमार, धमदाहा अनुमंडल के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं संबंधित थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में चुनाव कार्य के दौरान वाहनों के कुशल संचालन और समन्वय पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# पूर्णिया जिले में चुनाव तैयारियों का निरीक्षण और वाहन कोषांग की समीक्षा

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के नेतृत्व एवं दिशा निर्देशों में पूर्णिया जिले में द्वितीय चरण के विधानसभा चुनाव की तैयारियाँ हर स्तर पर व्यवस्थित रूप से की जा रही हैं। जिले के सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 11 नवंबर 2025 को निर्धारित है।इसी क्रम में, शुक्रवार को रवि राकेश, अपर समाहर्ता ने पूर्णियां कॉलेज, पूर्णिया में निर्माणाधीन वाहन कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं



सहायक नोडल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण का उद्देश्य चुनावी सामग्री के समय पर वितरण, वाहन की तत्परता और कोषांग की समग्र तैयारियों का मूल्यांकन करना था।

अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि सभी वाहन समय पर कार्य में लगने के लिए तैयार रहें और चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। यह निरीक्षण जिला निर्वाचन कार्यालय की सतत् निगरानी और चुनाव तैयारियों की पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। जिला प्रशासन द्वारा मतदान की सुचारू व्यवस्था, सुरक्षा एवं सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# बनमनखी में निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कों लेकर बैठक हुई

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर शुक्रवार को निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग, पूर्णिया की ओर से बनमनखी विधानसभा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर सहायक नोडल पदाधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग ने सभी प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों को निर्वाचन खर्चों से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। बैठक का मुख्य उद्देश्य उम्मीदवारों को निर्वाचन व्यय लेखा नियमों, अनुमत खर्च



सीमा और रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना था। अभ्यर्थियों को यह भी बताया गया कि निर्वाचन अवधि में किए जाने वाले खर्चों का रिकॉर्ड रखना और समय पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इस बैठक में उपस्थित सभी प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने सवालों के उत्तर प्राप्त किए, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया और भी सुचारू एवं पारदर्शी बनाने में मदद मिली।

# प्रयास : पूर्णिया में मतदाता जागरूकता हेतु जिला प्रशासन द्वारा छठ घाटों पर चलाया जायेगा फ्लेक्स अभियान



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, पूर्णिया की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग की अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में छठ महापर्व के अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रमुख छठ घाटों पर फ्लेक्स के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया गया।

नगर निगम क्षेत्र के पक्की तालाब (पंचमुखी मंदिर), कला भवन, सौरा नदी सहित अन्य प्रमुख छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक संख्या में फ्लेक्स लगवाने का प्रस्ताव शीघ्र समर्पित करने के लिए नोडल पदाधिकारी स्वीप को निर्देशित किए गए। इस पहल के माध्यम से मतदाताओं में चुनावी जागरूकता बढ़ाने और गहन प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## विधानसभा चुनाव 2025 : सामान्य प्रेक्षकों ने सातों विधानसभा क्षेत्रों में की, चुनाव तैयारियों की समीक्षा

# निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वलनेरेबल बूथों, चेकपोस्टों व मतदान केंद्रों का गहन निरीक्षण, अधिकारियों व प्रत्याशियों संग की बैठकें

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त सभी सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सामान्य प्रेक्षक महोदयों ने शुक्रवार को अपने-अपने क्षेत्रों में चुनावी तैयारियों की समीक्षा एवं पर्यवेक्षण कार्य किया। इस दौरान उन्होंने संवेदनशील और वलनेरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया, अधिकारियों के साथ बैठक की और निर्वाचन प्रक्रिया की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**अमौर विधानसभा : प्रेक्षक वी. सनमुगम ने कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया**

56-अमौर विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक वी. सनमुगम ने शुक्रवार को बैसा प्रखंड के



अंतर्गत आने वाले कई मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। इनमें बूथ संख्या 282, 283, 284, 341, 342, 343, 347, 348, 349, 350, 353, 354, 369, 370, 372 एवं 374 शामिल थे। ये केंद्र पंचायत नंदनियां, मंझौक, खपड़ा और सिरसी में स्थित हैं।

प्रेक्षक ने अनगढ़ थाना का भी दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था और निर्वाचन तैयारी की स्थिति की जानकारी ली।

निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर विशेष बल सभी प्रेक्षकों द्वारा की गई निरीक्षण गतिविधियों का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाना रहा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मतदान दिवस तक सभी आवश्यक तैयारियाँ समय पर पूर्ण हो जाएं और किसी प्रकार की लापरवाही न हो।



**बायसी विधानसभा : वलनेरेबल बूथों व SST का निरीक्षण**

57-बायसी विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक साहब सिंह ने वलनेरेबल बूथ संख्या 106, 107, 110, 111 और 112 का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी कक्ष में निर्वाची पदाधिकारी, राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों और उम्मीदवारों के साथ बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने दालकोला चेकपोस्ट स्थित SST (Static Surveillance Team) का गहन निरीक्षण कर तैनात अधिकारियों को सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

**कसबा विधानसभा : समाहरणालय सभागार में हुई समीक्षा बैठक**

58-कसबा विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक हरजिंदर सिंह ने पूर्णिया समाहरणालय के प्रज्ञान सभा कक्ष में निर्वाची पदाधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और प्रत्याशियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में मतदाता सूची, आदर्श आचार संहिता के पालन और मतदान केंद्रों की तैयारियों पर चर्चा की गई।

**बनमनखी विधानसभा : संवेदनशील केंद्रों का निरीक्षण और दिशा-निर्देश**

59-बनमनखी विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक मानवेंद्र प्रताप सिंह ने अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुनिश्चित करने को कहा कि मतदान के दिन सभी सुविधाएँ एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहें।

**रूपौली विधानसभा : बूथों पर बुनियादी सुविधाओं की जांच**

60-रूपौली विधानसभा के प्रेक्षक तलत परवेज इकबाल रोहिल्ला ने शुक्रवार को बूथ संख्या 32 और 33 का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता—जैसे पेयजल, शौचालय, रैंप व बिजली आदि की स्थिति की जांच की और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

**धमदाहा विधानसभा : सात मतदान केंद्रों का निरीक्षण**

61-धमदाहा विधानसभा के प्रेक्षक नितेश पाटिल ने अपने क्षेत्र के बूथ संख्या 321 से 327 और 332 का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर सभी सुविधाएँ सुचारू रूप से उपलब्ध कराने तथा सुरक्षा की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**पूर्णिया विधानसभा : कई केंद्रों का किया निरीक्षण**

62-पूर्णिया विधानसभा के प्रेक्षक कृष्णा वाजपेयी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाताओं की सुविधा, पहुँच-योग्यता और सुरक्षा प्रबंधन को लेकर निर्वाचन कर्मियों से जानकारी प्राप्त की।

# पूर्णिया जिला : सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम विखंडन और सुपुर्दगी कार्य सफलतापूर्वक पूरा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दृष्टिगत पूर्णिया जिले में चुनावी तैयारियों का महत्वपूर्ण चरण शुक्रवार को पूरा हो गया। जिले की सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम (Electronic Voting Machine) और वीवीपैट मशीनों का विखंडन और संबंधित निर्वाचक अधिकारियों (RO) को सुपुर्दगी का कार्य सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। यह प्रक्रिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशन में पूरी की गई।

**चरणबद्ध विखंडन एवं सुपुर्दगी प्रक्रिया** : पूर्णिया पूर्व, अमौर और बनमनखी विधानसभा क्षेत्रों की सभी बीयू (Ballot Unit), सीयू (Control Unit) और वीवीपैट मशीनों का परीक्षण, टैगिंग, सीलिंग और सत्यापन कर संबंधित आरओ को सौंपा गया। इसके बाद सभी मशीनें सुरक्षा बलों की निगरानी में स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रूप से रखी गईं। पूर्व में गुरुवार को बायसी और कसबा, तथा उससे पहले धमदाहा और रूपौली विधानसभा क्षेत्रों की सुपुर्दगी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। इसके साथ ही जिला के सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों की मशीनें अब स्ट्रांग रूम में सुरक्षित हैं।

**लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूती** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने बताया कि ईवीएम विखंडन एवं सुपुर्दगी प्रक्रिया लोकतांत्रिक पारदर्शिता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे मतदाताओं का विश्वास और प्रशासनिक जवाबदेही दोनों मजबूत होती हैं।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने चुनावी तैयारी के इस महत्वपूर्ण चरण को समय से पूर्व पूरा कर लोकतांत्रिक आस्था को और सुदृढ़ किया है



**सुरक्षा और निगरानी के कड़े इंतजाम** : जिले में ईवीएम सुपुर्दगी के दौरान तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई। इसमें सीसीटीवी कैमरे, पुलिस बल, सीआरपीएफ और मजिस्ट्रेट की तैनाती शामिल थी। स्ट्रांग रूम में चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित की गई और बिना अनुमति किसी का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया। ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि हर चरण में पारदर्शिता हमारी प्राथमिकता रही। विखंडन और सुपुर्दगी प्रक्रिया वीडियो रिकॉर्डिंग और तकनीकी पर्यवेक्षण के तहत संपन्न की गई।

1. **पूर्णिया पूर्व, अमौर और बनमनखी विधानसभाओं की सुपुर्दगी शुक्रवार को, बायसी और कसबा की गुरुवार को सम्पन्न।**

---------------

2. **सभी मशीनों का परीक्षण, टैगिंग, सीलिंग और सत्यापन वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ किया गया।**

---------------

3. **स्ट्रांग रूम में चौबीसों घंटे निगरानी, सुरक्षा में सीसीटीवी, पुलिस, सीआरपीएफ और मजिस्ट्रेट शामिल।**

# सदर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी जितेंद्र यादव ने चलाया जनसंपर्क अभियान

## शिक्षा और सामाजिक मुद्दों पर लोगों से संवाद किया

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

सदर विधानसभा क्षेत्र (62) से कांग्रेस के प्रत्याशी जितेंद्र यादव ने शुक्रवार कों जनसंपर्क अभियान चलाया, इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न वार्डों और पंचायतों में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और विकास, युवाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर संवाद किया। जनसंपर्क के दौरान उनके साथ उनकी पत्नी एवं पूर्णिया महापौर विभा कुमारी, वार्ड पार्षद और कार्यकर्ता भी



मौजूद थे। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 हाउसिंग कॉलोनी, रामनगर सहित अन्य वार्डों और पूर्णिया पूर्व प्रखंड के कबैया, लालगंज, विक्रमपट्टी, पीरगंज, शोभागंज, रानीपतरा, रामपुर, खाखो टोला, बेलवा, महाराजगंज, मंझेली आदि गांव-टोला में लोगों से संवाद किया।इस दौरान उन्होंने लोगों के सवालों और समस्याओं को सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि विकास, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के मुद्दों पर निरंतर काम किया जाएगा। श्री यादव ने कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे घर-घर अधिकार अभियान और योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पार्टी की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र के समग्र विकास और जनता के लाभ को सुनिश्चित करना है।जितेंद्र यादव ने कहा कि वह क्षेत्र के लोगों के निकट रहकर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# चम्पानगर में गंगा सागर तालाब पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, छठ पर्व की भक्ति का माहौल

**न्यूज़ स्केल केनगर (चम्पानगर,)**

नगर पंचायत चम्पानगर के गंगा सागर तालाब पर दीपावली के बाद से ही छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार कों नहाय खाय से पूर्व शुद्धि स्नान कों लेकर तालाब के किनारे और आसपास के क्षेत्र में छठ व्रतियों ने सुबह से शाम नदी स्नान किया तालाब में डुबकी लगाई। इस दौरान



भीड़ के कारण वाहनों की कतारें लम्बी दिखाई दीं, सुरक्षा कों लेकर तालाब के किनारे बैरिकेडिंग की गई थी, भीड़ के आगे महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए निर्मित तीन चेंजिंग रूम कम पड़ा, इसके अलावा मूलभूत सुविधाओं की कमी कों लेकर श्रद्धांलूओं ने प्रशासन से इसकी व्यवस्था की मांग की है । श्रद्धालुओं ने शुद्ध पेयजल, चलंत शौचालय और पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था की मांग की है ! इस दौरान सुरक्षा को लेकर चम्पानगर थाना की पुलिस भी काफी सतर्क नजर आई।

गंगा स्नान के अवसर पर तालाब से लेकर चम्पानगर बाजार तक मेला भी सजा हुआ है। छठ व्रती महिलाएं पूजा सामग्री के साथ मिठाई, नाश्ता, चाय, पान और रंग-बिरंगे मनिहारे की खरीददारी में जुटी हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मेले का भरपूर आनंद लिया।

आगामी छठ पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। प्रशासन और स्थानीय लोग भी इस अवसर पर सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने में जुटे हैं, ताकि श्रद्धालु विधिपूर्वक पर्व का आनंद ले सकें।

# छठ पर्व को लेकर हरदा बाजार में खरीदारी कों लेकर उमड़ी छठ व्रतियों की भीड़, नहाय खाय आज

**न्यूज़ स्केल हरदा**

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा का आगाज आज नहाय खाय अर्थात कद्दू भात के साथ होगा, इसकी तैयारी को लेकर हरदा बाजार मुख्यालय में शनिवार को पूजा सामग्री की खरीददारी करने वालों की भारी भीड़ दिखी । इस चार दिवसीय महापर्व के पहले दिन नहाय-खाय व कद्दू भात का शुभारंभ होगा । पर्व कको लेकर बाजार सज गया है, बाजार में नारियल, सुपटी, डालिया, केले और टाभ जैसी पूजन सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें




लगीं।हरदा बाजार में केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि पूर्णिया पूर्व, कृत्यानंद नगर, नगर निगम क्षेत्र और पास के कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखंड से भी बड़ी संख्या में लोग खरीददारी के लिए पहुंचे। दुकानदारों ने बताया कि छठ पूजा को लेकर इस समय बाजार में सामान की बिक्री सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ जाती है। भक्तजन पूजा सामग्री खरीदकर उत्साह और आस्था के साथ पर्व की तैयारियों में जुटे हुए हैं।बाजार प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए उचित इंतजाम किए हैं, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के अपनी खरीदारी कर सकें।

# बायसी थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल बायसी**

बायसी थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान सफलता हासिल की। पुलिस ने एक मोटरसाइकिल सहित कुल 02 लीटर देशी शराब जब्त की और एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रणवीर विश्वास, उम्र 28 वर्ष, पिता महेंद्र विश्वास, निवासी असजा मोबैया, वार्ड संख्या



01, थाना बायसी, जिला पूर्णिया बताया गया है।

पुलिस ने बताया कि वाहन जांच अभियान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए अभियुक्त को रोका गया। तलाशी के दौरान उसके वाहन से देशी शराब बरामद हुई। इस कार्रवाई में अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है और अग्रिम जांच एवं कार्रवाई जारी है।

# छठ पर्व की तैयारी : हरदा प्रखंड के छठ घाटों पर सफाई एवं माता विषहारी स्थान पर भक्ति जागरण की तैयारी जोरों पर

**न्यूज़ स्केल हरदा**

कृत्यानंद नगर प्रखंड के गोआसी पंचायत में छठ महापर्व को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से मनाने की तैयारियाँ पूरी गति से चल रही हैं। समाजसेवी सतीश चन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता छठ घाटों की सफाई और भक्ति जागरण कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं। पंचायत के विभिन्न छठ घाटों पर युवा कार्यकर्ताओं ने सड़क किनारे एवं झाड़ी-झंखाड़ों की



सफाई सुनिश्चित की है। उनका उद्देश्य छठ पर्व पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।

सतीश चन्द्र गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर अस्तगामी सूर्यदेव को अर्घ्य देने के साथ-साथ माता विषहरी स्थान पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इसके लिए सभी व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा किया जा रहा है। सतीश चन्द्र गुप्ता के सहयोगी अशोक कुमार, सूरज कुमार पासवान, दीपक कुमार, बिपिन भारती, छोटू कुमार सहित अन्य सक्रिय युवा छठ घाट पर सफाई, लाइटिंग और अन्य व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं। उनका समर्पण और मेहनत छठ पर्व की गरिमा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। छठ पर्व की पावन तैयारियों में जुटे ये युवा कार्यकर्ता स्थानीय समुदाय के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं, और हर कोई आश्वस्त है कि इस वर्ष भी छठ महापर्व शांतिपूर्ण, स्वच्छ और भक्ति पूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा।

# पूर्णिया में मतदाता जागरूकता अभियान — 11 नवंबर 2025 के मतदान हेतु सक्रिय तैयारी

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया जिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) के मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए सातों विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। डीपीएम जीविका, सेविकाओं, टोला सेवक और विकास मित्रों के माध्यम से शपथ, रंगोली, दीवार लेखन, प्रभात फेरी और चुनावी पाठशालाओं के जरिए मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सभी मतदाताओं को यह संदेश देना है कि 11 नवंबर 2025 को अपने मतदान केंद्र पर जाकर शत-प्रतिशत मतदान करें और लोकतंत्र का सम्मान करें।





**पूर्णिया विधानसभा में दीवार लेखन अभियान से मतदान जागरूकता** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी पूर्णिया के निर्देशानुसार 62-पुर्णिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 125 में सेविकाओं द्वारा दीवार लेखन अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। सभी मतदाताओं को प्रेरित किया गया कि 11 नवंबर 2025 को पहले मतदान करें और फिर जलपान करें। अभियान में महिला शक्ति का विशेष आह्वान किया गया और जनता से अपील की गई कि वे शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस प्रयास से वोटिंग जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**पूर्णिया में 60 रुपौली विधानसभा क्षेत्र में मतदान जागरूकता पाठशाला आयोजित** : पूर्णिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशानुसार 60 रुपौली विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 269 एवं 272 पर सेविकाओं द्वारा मतदाताओं के लिए चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, उनके अधिकार और 11 नवंबर 2025 को मतदान के दिन पहले मतदान करने और उसके बाद ही जलपान करने की जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित एवं व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करना है।

**बायसी प्रखंड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन** : पूर्णिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश में सातों विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे गहन जागरूकता अभियान के तहत बायसी प्रखंड के महादेवपुर पंचायत में शुक्रवार को पुजा ग्राम संगठन के बंधन CLF द्वारा शपथ एवं रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व और जिम्मेदारी के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को 11 नवंबर 2025 को अपने मतदान केंद्र पर जाकर शत-प्रतिशत मतदान करने और लोकतंत्र का सम्मान करने की अपील की गई।

**बनैली पंचायत में प्रभात फेरी और शपथ कार्यक्रम से मतदाता जागरूकता** : बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत स्वीप गतिविधियों के क्रम में डीपीएम जीविका के नेतृत्व में बनैली पंचायत, बूथ नम्बर 47 में माहादेव ग्राम संगठन द्वारा प्रभात फेरी और शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के महत्व, लोकतंत्र में उनकी जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी के लिए जागरूक करना था। उपस्थित लोगों को बताया गया कि 11 नवंबर 2025 को वे अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर शत-प्रतिशत मतदान करें। इस गतिविधि के माध्यम से न केवल मतदान के महत्व को समझाया गया, बल्कि लोगों में लोकतंत्र के प्रति सम्मान और उत्तरदायित्व की भावना भी पैदा की गई।

**कसबा विधानसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति-जनजाति परिवारों के लिए मतदाता जागरूकता अभियान**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश में 58-कसबा विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 147 पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों के टोलों में टोला सेवक और विकास मित्र द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मतदाताओं को 11 नवंबर 2025 को अपने मतदान केंद्र जाकर मतदान करने और लोकतंत्र का सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस पहल से स्थानीय लोगों में मतदान के प्रति उत्साह बढ़ाने में मदद मिली।

# आस्था का महापर्व : आज नहाय खाय के साथ चार दिवसीय महापर्व का होगा आगाज

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

कार्तिक शुक्लपक्ष के चतुर्थी तिथि से छठ महापर्व की शुरुआत होती है. आज शनिवार को छठ ब्रती नदी स्नान के साथ स्वच्छता और आस्था के महापर्व की शुरुआत करेगी. शनिवार को नहाय खाय के बाद रविवार को खरना और सोमवार को पहला अर्घ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्पित होगा. मंगलवार को उगते हुये सूर्य को अर्घ अर्पित कर महापर्व का समापन हो जायेगा. लोक आस्था के इस महापर्व की तैयारी शुरू हो गयी है. बाजारों में पर्व से संबंधित समानो की खरीदारी को लेकर भीड़ उमड़ने लगी है. मौसम का साथ है छठ व्रती गेहूं सुखाने और मिट्टी का चूल्हा बनाने में जुटी हैं !

**आज नहाय खाय के साथ शुरू होगा महापर्व** : लोक आस्था के पर्व के पहले दिन शनिवार को छठ व्रती गंगा स्नान के बाद अरवा चावल, चने की दाल और लौकी से बने विभिन्न व्यंजन को तैयार कर सूर्य देव को जल अर्पित करने और अपने आराध्य को नमन करने के बाद पर्व की शुरूआत करेगी. उसके बाद घर के सदस्य भोजन ग्रहण करते है. आज शनिवार को सौरा नदी घाट पर हजारों की भीड़ उमड़ेगी और लाखों लोग गंगा स्नान के लिए प्रस्थान करेंगे. हालांकि इससे पूर्व शुद्धिकरण के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं शुक्रवार को भी सौरा नदी तट पर पहुंची और स्नान कर पूजा-पाठ किया.





## छठ के समानो से पटा है बाजार

बाजार नारियल, टाब, कवरंगा, फल ,सुप ,दौरा इत्यादि पर्व के समानो से पटा हुआ है. वही दूसरी तरफ खरीदारों की भीड़ भी बाजारों में उमड़ पड़ी है. हालांकि इस बार समानो के दाम में तेजी है लेकिन आस्था के आगे महंगाई फीकी साबित हो रही है. शुक्रवार को कद्दू का दाम आसमान छू रहा था. वही नारियल, टाब, सूप, दौरा, फल के दाम भी बीते वर्ष की तुलना में छलांग लगा रहा था. शहर के खुशकीबाग , मधुबनी ,भट्ठा बाजार ,गुलाबबाग में खरीदारों की भीड़ देर शाम तक जुटी रही.

## अगले चार दिनों तक स्वच्छता रहेगा महत्वपूर्ण :

लोक आस्था के महापर्व छठ पूर्ण आस्था के साथ-साथ पूर्ण रूपेण स्वच्छता का भी पर्व है. इस पर्व पर व्रती महिलाये घरो में पूरी स्वच्छत का ख्याल रखती है. जिस जगह छठ पर्व की पूजन सामग्री रखी जाती है, उसके आसपास किसी के आने-जाने पर भी प्रतिबंध होता है. साफ-सफाई के साथ चार दिनों तक ब्रती महिलाओ के अलावा घर के सदस्य लहसून, प्याज को खाने में शामिल नहीं करते हैं. खास बात यह है कि इस महापर्व में परिवार के हर सदस्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है.

## बर्तन के बाजार में भी दिखी भीड़ :



लोक आस्था का पर्व छठ भगवान भास्कर के पूजन और उन्हें अर्घ्य समर्पित करने का महापर्व है. इस पर्व में हरे बांस के बने सूप और दौरा का प्रयोग अधिक उत्तम माना गया है. वही प्राकृतिक रूप से इस पर्व को भो जोड़ कर देखा जाता है. लेकिन बीते कुछ वर्षो से आधुनिकता और महंगाई का प्रभाव भी दिखने लगा है. एक तरफ जहां सुविधा-संपन्न लोग छठ पर्व पर पीतल के सूप और दौरा का प्रयोग करने लगे है, वही छठ पर्व में अपनी आस्था रखने वाले अन्य लोग प्लास्टिक के सूप और दौरा की खरीदारी बाजारों से करने में जुटे रहे.

**छठ गीतों के साथ परवान चढ़ रही है आस्था** : उगहो सूरज देव अर्घ के बेर ...रहवे के बेर ....कांच ही बांस के भंगिया ....बहंगी केकरा के जाय.... जैसे लोक गीत शहर से लेकर गांव के चौक चौराहों बाजार और हर घर मे बजने लगे हैं. भगवान भास्कर को समर्पित इन गीतों के मधुर आवाज से समूचा वातावरण भक्तिमय होने लगा है. छठ पर्व की तैयारियों में जुटे लोगो के आस्था को छठ पर्व का यह गीत परवान चढ़ा रहा है.

# सौरा नदी में उमड़ा आस्था का सैलाब, 25 हजार व्रतियों ने किया शुद्धि स्नान — नहाय-खाय के साथ आज से शुरू होगा लोकआस्था का महापर्व छठ

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा की शुरुआत आज शनिवार कों नहाय-खाय के साथ हो रही है। इससे पहले शुक्रवार को सौरा नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लगभग 25 हजार छठ व्रतियों ने शुद्धि स्नान कर पवित्रता का संकल्प लिया। घाटों पर "जय छठी मईया" के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। शनिवार कों अहले सुबह यानि भोर से ही श्रद्धालु परिवार सहित सौरा नदी, गंगा सागर तालाब और आसपास के अन्य जलाशयों पर पहुँचने लगे। महिलाएं पूजा के पारंपरिक गीत गाती हुई घाटों की ओर बढ़ीं। व्रतियों ने स्नान कर छठ व्रत की विधिवत शुरुआत की। जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देने की प्रतीकात्मक तैयारी के साथ व्रतियों ने पवित्रता, संयम और भक्ति का संकल्प लिया।



**सुरक्षा और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था**: सौरा नदी और आसपास के घाटों पर जिला एवं जिले भर में स्थानीय प्रशासन और नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत द्वारा सुरक्षा व साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की है। पुलिस बल के साथ एनडीआरएफ की टीम भी तैनात की गई है। घाटों की सफाई, रौशनी और बैरिकेडिंग के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार केंद्र भी बनाए गए हैं।

**आस्था और सांस्कृतिक रंग**: छठ पर्व बिहार-पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों में अपार श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सूर्योपासना, जल और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। महिलाएं साड़ी और पुरूष पारंपरिक धोती-कुर्ता में सजे घाटों पर गीत गाते और लोक संस्कृति का रंग बिखेरते नजर आए।

**चार दिवसीय पर्व की शुरुआत**: आज से शुरू हो रहा छठ पर्व चार दिनों तक चलेगा। पहला दिन नहाय-खाय के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें व्रती शुद्ध भोजन कर व्रत का आरंभ करते हैं। दूसरे दिन खरना होगा, जब व्रती निर्जला उपवास रखकर शाम को गुड़-चावल की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण करते हैं। तीसरे दिन संध्या अर्घ्य के साथ अस्ताचलगामी सूर्य की उपासना होगी, और चौथे दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होगा।

## धमदाहा व रूपौली विधानसभा में मतदान दलों के लिए वाहन उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर बैठक

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर शुक्रवार को वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी शंकर शरण ओमी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में धमदाहा एवं रूपौली विधानसभा क्षेत्रों में मतदान दलों को वाहन उपलब्ध कराए जाने की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। श्री ओमी ने कहा कि चुनाव कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए पर्याप्त संख्या में वाहनों की अग्रिम व्यवस्था की जाए और सभी वाहनों की फिटनेस, चालक की उपलब्धता तथा रूट चार्ट का पूर्व परीक्षण कर लिया जाए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम, भूमि सुधार उप समाहर्ता मोहित कुमार, धमदाहा अनुमंडल के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं संबंधित थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में चुनाव कार्य के दौरान वाहनों के कुशल संचालन और समन्वय पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# पूर्णिया में छठ महापर्व : फल मंडी में बढ़ी रौनक, कारोबार का अनुमान 60-70 करोड़

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

छठ महापर्व के आगमन के साथ ही खुश्कीबाग फल मंडी और शहर के चौक-चौराहों पर फलों की अलग-अलग बाजार सज गई हैं। इस साल फल विक्रेताओं ने पहले से ही बड़े पैमाने पर ऑर्डर देकर स्टॉक सुनिश्चित किया है। आंकड़ों के अनुसार, रोजाना औसतन 25 से 30 ट्रक फल मंडी में पहुंच रहे हैं, जबकि पर्व के दिनों में यह संख्या 50 ट्रक तक बढ़ जाती है।



फल विक्रेताओं का कहना है कि इस बार फल के दाम में औसतन 10 से 20 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, लेकिन इसके बावजूद बिक्री में कोई कमी नहीं देखी गई।

अनुमानित रूप से छठ महापर्व के दौरान 60 से 70 करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। खुश्कीबाग मंडी में पड़ोसी आठ जिलों से व्यापारी रोजाना फल खरीदने आते हैं। मंडी में करीब 200 आढ़तियाँ सभी तरह के फलों का व्यापार करती हैं।

**फल आपूर्ति का व्यापक नेटवर्क**
कोशी और पूर्णिया प्रमंडल के सातों जिलों के लिए खुश्कीबाग मंडी मुख्य फल आपूर्ति केंद्र है। यहां से सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, खगड़िया, अररिया, किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया के बाजारों में फल पहुंचते हैं। मंडी में केरल, बंगाल, नासिक, सिलीगुड़ी, कश्मीर, नागपुर, उड़ीसा, असम और आजादपुर मंडी से फल मंगवाए जाते हैं।

इस साल सेव की खास डिमांड रही। पहले शिमला से आने वाले सेव की जगह अब कश्मीर के सेव बाजार में आए हैं। एक ट्रक में लगभग 1,000 पेटी सेव लोड होती है, जिनकी कीमत 8-10 लाख रुपये तक होती है। संतरे भी नागपुर और दार्जिलिंग से मंडी में पहुंच रहे हैं। एक ट्रक में लगभग 8 टन संतरे होते हैं, जिनकी कीमत 30-35 लाख रुपये होती है।

थोक से खुदरा तक का कारोबार आढ़तियों से खुदरा विक्रेता फल खरीदते हैं और थोक की तुलना में 20 से 40 प्रतिशत अधिक मूल्य पर बेचते हैं, जिससे कुल कारोबार का आंकड़ा और बढ़ जाता है। विजय कुमार गुप्ता, एक प्रमुख फल विक्रेता ने बताया कि इस बार बाजार में मांग पहले से ज्यादा तेज है और खरीदारी अच्छी चल रही है।

## आंकड़ों पर एक नजर :

सामान्य दिनों में रोजाना 50 लाख रुपये का कारोबार
रोजाना 25-30 फल लदे ट्रक मंडी में आते हैं
छठ पर्व को लेकर 25 ट्रक सेव का आवक
छठ पर्व के दौरान 15 ट्रक नारियल मंडी में अनलोड
पूर्णिया की खुश्कीबाग मंडी इस महापर्व में न केवल स्थानीय बल्कि पड़ोसी जिलों के लिए भी फल आपूर्ति का महत्वपूर्ण केंद्र साबित हो रही है। बाजार की रौनक और व्यापार के आंकड़े इस बात का संकेत दे रहे हैं कि इस बार छठ महापर्व फल व्यवसाय के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा है।

# अररिया जिला प्रशासन ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**न्यूज स्केल अररिया,**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर अररिया जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी कुमार ने जिला मुख्यालय स्थित चार डिस्पैच सेंटर और मतगणना केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, समयबद्ध और निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जाएं।





**कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्थाएं** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रत्येक डिस्पैच सेंटर पर ब्रीफिंग स्थल, काउंटर व्यवस्था और वाहन पार्किंग की योजना का जायजा लिया। निर्देश दिए गए कि प्रत्येक काउंटर पर पर्याप्त कर्मी तैनात रहें, ताकि सामग्री वितरण, ब्रीफिंग और प्रस्थान प्रक्रिया समय पर संपन्न हो। पोलिंग पार्टी और मतदान सामग्री के सुरक्षित आवागमन के लिए ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है, जिसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग रूट निर्धारित किए गए हैं।

**विभागीय सहयोग और अंतिम दिशा-निर्देश** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद और कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, विद्युत को स्वच्छता, पेयजल, शौचालय और रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर वरीय प्रभारी निर्वाचन सह अपर समाहर्ता श्री अजय कुमार ठाकुर सहित सभी निर्वाचनीय पदाधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**01:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी कुमार ने चार डिस्पैच सेंटर और मतगणना केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया।

**02 :** कृषि उत्पादन बाजार समिति अररिया को सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना केंद्र/स्ट्रांग रूम बनाया गया।

**03 :** अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक काउंटर पर पर्याप्त कर्मी रहें और ट्रैफिक प्लान के अनुसार पोलिंग पार्टी एवं सामग्री का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो।

### डिस्पैच सेंटर और मतगणना केंद्र का विवरण

चार डिस्पैच सेंटर बनाए गए हैं:
47-रानीगंज एवं 49-अररिया के लिए अररिया कॉलेज,
46-नरपतगंज एवं 48-फारबिसगंज के लिए कृषि उत्पादन बाजार समिति,
50-जोकीहाट के लिए अल शम्स मिल्लिया कॉलेज,
51-सिकटी के लिए एम.एल.डी.पी.के. यादव कॉलेज।
सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना केंद्र/स्ट्रांग रूम के रूप में कृषि उत्पादन बाजार समिति अररिया निर्धारित है।

## पलासी प्रखंड में जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**पलासी,** पलासी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जीविका दीदियों ने आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता हेतु विशेष गतिविधियों का आयोजन किया। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार मतदान के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान दीदियों ने ग्रामीणों को मतदान प्रक्रिया, मतदान का महत्व और निर्दिष्ट मतदान तिथि की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से मतदान केंद्र पर समय पर पहुँचने और अपने मताधिकार का सही उपयोग करने का आग्रह किया। साथ ही, इस अवसर पर मतदान की तैयारी और दूसरे चरण के लिए तिथि 11 नवंबर 2025 को भी उपस्थित लोगों को याद दिलाया गया। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत के प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों ने भी भाग लेकर जागरूकता अभियान को सफल बनाया।

## विधानसभा चुनाव : कटिहार में महिलाओं के लिए बनाये गए हैं 21 पिंक मतदान केंद्र

**कटिहार,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम चुनाव में महिला मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने लिए पिंक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस मतदान केंद्र में सिर्फ महिलाएं ही वोट डाल पाएंगी। इस बूथ की सबसे बड़ी खासियत होगी कि इसमें प्रेजाइडिंग ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर और सभी मतदान कर्मी महिलाएं ही होंगी। यहां महिला पुलिस जवान ही तैनात रहेंगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि कटिहार




जिला अंतर्गत 2542 मतदान केंद्रों में से 19 पिंक बूथ बनाया जा रहा है। जिले के सभी सातों विधानसभा क्षेत्र 63-कटिहार में तीन, 64-कदवा में तीन, 65-बलरामपुर में तीन, 66-प्राणपुर में तीन, 67-मनिहारी (अ.ज.जा.) में तीन, 68-बरारी में तीन तथा 69-कोढ़ा में तीन पिंक बूथ बनाया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने बताया कि कटिहार जिला अंतर्गत 20 अक्टूबर 2025 तक कुल मतदाताओं की संख्या 20,79,464 है, जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10,93,818, महिला 985615 तथा अन्य 31 मतदाता शामिल है

## भागलपुर में दिनदहाड़े भाजपा नेता को मारी गोली

**भागलपुर,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले के बरारी थाना क्षेत्र के टीएनबी लॉ कॉलेज गली के पास शुक्रवार को दिनदहाड़े भाजपा नेता विवेकानंद प्रसाद उर्फ बबलू यादव पर जानलेवा हमला किया गया है। बताया जा रहा है कि बबलू यादव अपने घर की छत पर टहल रहे थे, तभी सुर्खिकल निवासी सूरज तांती अपने साथियों के साथ हथियार लेकर वहां पहुंचा और उन पर दो राउंड फायरिंग की। गोली लगने से भाजपा नेता बबलू यादव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



उन्हें तत्काल मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के पीछे पुराना विवाद बताया जा रहा है। कुछ दिन पहले पास के फल दुकानदार देवानंद और सूरज तांती के बीच झगड़ा हुआ था। जिसकी जानकारी बबलू यादव ने स्थानीय थाना को दी थी।बताया जा रहा है कि पुलिस ने उस वक्त देवानंद को गिरफ्तार कर लिया था। इसी का बदला लेने के लिए सूरज तांती ने आज बबलू यादव पर हमला कर दिया। घटना का पूरा वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस फुटेज के आधार पर पूरे मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

## मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर निकली साइकिल रैली

**अररिया** (हि.स.)।बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान को गति देने के उद्देश्य से शुक्रवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अनिल कुमार के दिशा निर्देश में आयोजित रैली में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली की शुरुआत समाहरणालय स्थित परमान सभागार परिसर से हुई। प्रतिभागियों ने परमान सभागार अररिया से एडीबी चौक और बस स्टैंड होते हुए



अररिया कॉलेज तक साइकिल यात्रा की, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ।

रैली के दौरान प्रतिभागी मतदाता जागरूकता से जुड़े आकर्षक पोस्टर हाथ में थामे हुए था रैली के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि आगामी विधान सभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। इस पहल के जरिए युवाओं, महिलाओं और प्रथम बार मतदाता बनने वाले नागरिकों को विशेष रूप से मतदान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर जिले के सभी विभागों के वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सशस्त्र सीमा बल की विशेष महानिदेशक ने इंडो नेपाल बॉर्डर सुरक्षा का लिया जायजा

**अररिया** (हि.स.)। सशस्त्र सीमा बल अर्थात एसएसबी नई दिल्ली की विशेष महानिदेशक आईपीएस डॉ. अनुपमा नीलेकर चंद्रा दो दिनों से इंडो नेपाल बॉर्डर को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रही है।साथ ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के अलावा एसएसबी और आईसीपी अधिकारियों के साथ मीटिंग कर चुनाव सहित अन्य सुरक्षा मुद्दे पर जानकारी ली।

सशस्त्र सीमा बल नई दिल्ली की विशेष महानिदेशक डॉ.अनुपमा नीलेकर चन्द्रा गुरुवार को बथनाहा स्थित एसएसबी 56वीं वाहिनी



मुख्यालय पहुंची,जहां कमांडेंट आईपीएस शाश्वत कुमार सहित अन्य एसएसबी के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।तत्पश्चात शुक्रवार को जिला अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के साथ समन्वय बैठक आयोजित किया गया,जिसमें चुनाव व अन्य सुरक्षा मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। एसएसबी विशेष महानिदेशक के बथनाहा हेडक्वार्टर पहुंचने पर सर्वप्रथम उन्हें एसएसबी जवानों द्वारा गार्ड आफ आनर दिया गया। तत्पश्चात

महोदया द्वारा वाहिनी कार्मिकों का सैनिक सम्मेलन लिया गया। जिसमें सर्वप्रथम एसएसबी शीर्षक गीत के साथ सैनिक सम्मेलन की कार्यवाही शुरू हुई। तत्पश्चात सैनिक सम्मेलन में विशेष महानिदेशक द्वारा सीमा प्रबंधन से संबंधित सभी कार्मिकों को दिशा निर्देश दिए गए तथा जवानों के साथ प्रोत्साहवर्धक संवाद किया गया और अंत में राष्ट्रगान कर सैनिक सम्मेलन का समापन किया गया।उसके उपरांत एसएसबी 56वीं वाहिनी बथनाहा कैंप का भ्रमण किया गया।जिसमें अधिनस्थ अधिकारी मैस, जवान मैस ,श्वान आवास तथा वाहिनी शस्त्रागार, चिकित्सालय एवं संयुक्त अस्पताल बथनाहा का भ्रमण किया गया।

एसएसबी विशेष महानिदेशक ने जोगबनी का भ्रमण के दौरान भारतीय भूमिपत्तन प्राधिकरण के पदाधिकारियों से वार्तालाप की।जिसके बाद जोगबनी बीसीपी गेट में भ्रमण के दौरान एसएसबी बॉर्डर इंटरेक्शन टीम के जवानों से सीधा संवाद की।

इस अवसर पर एसएसबी उप- महानिरीक्षक राजेश टिक्कू,56 वीं वाहिनी कमांडेंट शाश्वत कुमार एवं जिला अधिकारी अनिल कुमार तथा पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार और भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण के अधिकारी व कार्मिक एवं सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।जानकारी शुक्रवार को एसएसबी 56 वीं वाहिनी के कमांडेंट शाश्वत कुमार ने दी।

## मंजूषा पेंटिंग से सजी सूप में श्रद्धालु देंगे अर्घ्य



**भागलपुर,** (हि.स.)। लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारी पूरे जोर-शोर से चल रही है। इस बार भागलपुर में छठ घाटों पर कुछ खास नज़ारा देखने को मिलेगा। यहां लोक कला और आस्था का अद्‌भुत संगम देखने को मिलेगा। भागलपुर की प्रसिद्ध मंजूषा पेंटिंग से सजे हुए सूप से श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

यह पहल भागलपुर की पहचान बन चुकी पारंपरिक मंजूषा कला को छठ पर्व से जोड़ने का एक अनोखा प्रयास है। भागलपुर के मंजूषा गुरु मनोज पंडित अपनी टीम के साथ मिलकर इन सूपों को सजाने में जुटे हैं। मनोज पंडित का कहना है कि इस बार छठ पर्व के जरिए लोक कला को नई पहचान देने की कोशिश की जा रही है, ताकि भागलपुर की यह प्राचीन कला फिर से जन-जन तक पहुंचे। छठ घाटों पर इस बार जब उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा तो मंजूषा कला से सजे सूप न सिर्फ श्रद्धा का प्रतीक होंगे बल्कि भागलपुर की संस्कृति, परंपरा और लोककला की जीवंत झलक भी पेश करेंगे।

## समेली प्रखंड के मुरादपुर पंचायत में जीविका दीदियों ने आयोजित किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**कटिहार** (हि.स.)। समेली प्रखंड के मुरादपुर पंचायत में जीविका दीदियों के द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण जनता के बीच लोकतांत्रिक जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण प्रयास रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और युवाओं को अपने मताधिकार के महत्व से अवगत कराना और आगामी चुनाव में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। जीविका दीदियों ने मतदान प्रक्रिया, वोट देने के नियम और सुरक्षित मतदान के तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में हर वोट महत्वपूर्ण होता है और सही जानकारी के साथ मतदान करने से समाज और देश में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सवाल पूछे और अपने संदेह दूर किए। युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संकल्प लिया। जीविका दीदियों ने भविष्य में पंचायत स्तर पर नियमित रूप से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और ग्रामीण जनता के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने का निर्णय लिया। इस तरह के प्रयास से न केवल लोगों को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाया जा सकता है, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती में भी योगदान मिलता है।

## भागलपुर में मतदाता जागरूकता अभियान : नैतिक मतदान हेतु शपथ और रैली आयोजित

**भागलपुर,** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत भागलपुर जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गोपालपुर प्रखंड में स्वीप (Systematic Voter Education and Electoral Participation) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और चुनाव में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को नैतिक और जिम्मेदार मतदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्थानीय जनता, युवा, महिलाएं और



विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। शपथ ग्रहण के बाद मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें लोगों को अपने अधिकार और कर्तव्य के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए विभिन्न संदेश और झांकियां प्रस्तुत की गई। रैली मार्ग में प्रशासन ने लोकतांत्रिक मूल्यों और मतदान की अहमियत को उजागर करने वाले पोस्टर एवं बैनर भी लगाए। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने रैली और कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था, मार्गदर्शन और सहयोग की भी पूरी व्यवस्था की। अधिकारियों ने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों का पालन करें और मतदान के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। इस अभियान के माध्यम से भागलपुर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम ने जनता में जागरूकता और उत्साह दोनों ही बढ़ाए, जिससे आगामी चुनाव में अधिकतम मतदाता भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी।

# सुपौल में 15.39 लाख मतदाता करेंगे जनमत का फैसला

न्यूज़ स्केल सुपौल
विनय मिश्र




विधानसभा चुनाव-2025 में सुपौल जिले की पांच विधानसभा क्षेत्रों निर्मली, पिपरा, सुपौल, त्रिवेणीगंज और छातापुर में कुल 15 लाख 39 हजार 242 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर 48 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। इनमें 8,08,795 पुरुष, 7,30,433 महिला और 14 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, सुपौल जिले में महिला मतदाताओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।
पिछली बार की तुलना में महिलाओं की पंजीकरण दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे साफ है कि इस चुनाव में महिला वोट बैंक निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

**युवाओं में उत्साह, 18-19 आयु वर्ग के 34 हजार मतदाता**

युवा मतदाताओं में भी इस बार खासा उत्साह देखा जा रहा है। जिले में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 34,001 नए मतदाता बने हैं, जिनमें 20,432 पुरुष और 13,569 महिलाएं शामिल हैं। सबसे अधिक युवा मतदाता छातापुर विधानसभा क्षेत्र में हैं, जिनकी संख्या 7,487 है।

**85 वर्ष से अधिक उम्र के 8,331 मतदाता भी तैयार**

सुपौल में 85 वर्ष से ऊपर के 8,331 वरिष्ठ मतदाता इस बार लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेंगे। इनमें 3,540 पुरुष और 4,791 महिला मतदाता शामिल हैं। प्रशासन ने इनके लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की है ताकि वे आसानी से मतदान केंद्र तक पहुंच सकें।

**12,269 दिव्यांग मतदाता और 1,428 सेवा मतदाता**

जिले में कुल 12,269 दिव्यांग मतदाता (PWD) पंजीकृत हैं, जिनमें 7,551 पुरुष और 4,718 महिलाएं हैं। निर्वाचन विभाग ने इनके लिए व्हीलचेयर, रैंप और सहायक मतदान सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, 1,428 सेवा मतदाता भी हैं जो अपने मतदान अधिकार का उपयोग डाक मतपत्र के माध्यम से करेंगे।जिले के कुल 48 प्रत्याशी अब मतदाताओं को रिझाने में जुटे हैं। बढ़ते महिला और युवा मतदाताओं की संख्या के मद्देनजर यह स्पष्ट है कि सुपौल का यह चुनाव पारंपरिक समीकरणों से आगे बढ़कर 'नए मतदाता, नई दिशा' का संदेश दे सकता है।

| विधानसभा संख्या | विधानसभा का नाम | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | थर्ड जेंडर | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|---|
| 41 | निर्मली | 1,60,474 | 1,43,405 | 1 | 3,03,880 |
| 42 | पिपरा | 1,59,204 | 1,45,666 | 7 | 3,04,877 |
| 43 | सुपौल | 1,54,621 | 1,38,459 | 0 | 2,93,080 |
| 44 | त्रिवेणीगंज | 1,58,399 | 1,45,739 | 2 | 3,04,140 |
| 45 | छातापुर | 1,76,097 | 1,57,164 | 4 | 3,33,265 |
| | | | | | 15,39,242 |
| कुल | | 8,08,795 | 7,30,433 | 14 | 15,39,242 |

**सबसे बड़ा क्षेत्र छातापुर, सबसे कम मतदाता सुपौल में :** पांचों विधानसभा क्षेत्रों में छातापुर में सबसे अधिक 3,33,265 मतदाता हैं, जबकि सुपौल में सबसे कम 2,93,080 मतदाता पंजीकृत हैं।

| 18-19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाता | |
|---|---|
| वर्ग | युवा मतदाता |
| पुरुष | 20,432 |
| महिला | 13,569 |
| कुल | 34,001 |

| 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाता | |
|---|---|
| वर्ग | वरिष्ठ मतदाता |
| पुरुष | 3,540 |
| महिला | 4,791 |
| कुल | 8,331 |

# भारत स्काउट एंड गाइड के बैनर तले मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

न्यूज़ स्केल सुपौल

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के संदर्भ में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु शुक्रवार 24 अक्टूबर को स्वीप कोषांग,के तत्वावधान में भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में सुपौल जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 250 स्काउट एवं गाइड सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
रैली का शुभारंभ सुपौल उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित स्काउट एवं गाइड कार्यालय से किया गया।




जिला शिक्षा पदाधिकारी, संग्राम सिंह, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, तारकेश्वर पटेल, जिला संगठन आयुक्त, भारत स्काउट एंड गाइड संजय कुमार झा एवं स्वीप कोषांग के अन्य सदस्यों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली स्काउट एवं गाइड कार्यालय से प्रारंभ होकर कोर्ट परिसर, मस्जिद चौक, महावीर चौक, स्टेशन चौक, लोहिया चौक और अंबेडकर चौक होते हुए पुनः सुपौल उच्च माध्यमिक विद्यालय वापस पहुंची। प्रतिभागियों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लगाए गए तथा




नागरिकों को आगामी चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।
रैली का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को अपने मताधिकार के महत्व से अवगत कराना, अधिकतम मतदान सुनिश्चित करना तथा प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक बनाना रहा। भारत स्काउट एंड गाइड, सुपौल के सदस्य 11 नवंबर 2025 को होने वाले मतदान के दौरान पंचायत स्तर पर विभिन्न मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं को सहयोग एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

# जिला व्यय अनुश्रवण कोषांग के तहत गठित टीमों ने किया निरीक्षण

न्यूज़ स्केल सुपौल

विधानसभा आम निर्वाचन चुनाव के सफल, स्वच्छ, एवं शांतिपूर्ण संचालन को देखते हुए राजनीतिक पार्टी/अभ्यर्थियों द्वारा धन-बल के दुरूपयोग पर अंकुश लगाने तथा निर्वाचन अभियान के दौरान उनके द्वारा किये जा रहे व्यय का अनुश्रवण करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेश Compendiun of Instruction on Election Expenditure Monitering के भाग "B" के कंडिका 01 से 09 तक में वर्णित अनुदेशों के आलोक में जिला व्यय अनुश्रवण कोषांग (District Expenditure Monitering Cell) का गठन किया जाता है। इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी संजय कुमार राज्य कर संयुक्त आयुक्त (मोबाईल 10-8544401277) है। सरल एवं सुगमतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए कोषांग के अन्तर्गत विभिन्न टीमों का गठन किया गया जो निम्नवत् है :-

(1) Assistant Expenditure Observer-05
(2) Accounting Team -105
(3) FST-15
(4) SST-16x3-48
(5) VST-12
(6) VVT-05
(7) Call Centre-01

(i) कोषांग के अन्तर्गत विभिन्न टीमों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।
(ii) FST एवं SST को C-Vigil तथा ESMS Onboard किया जा चुका है।

24 अक्टूबर को सुपौल जिला अन्तर्गत Expenditure Monitoring Cell के तहत गठित विभिन्न टीमों के कार्यों का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# प्रेक्षक ने डिस्पैच , काउंटिंग सेंटर और स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण

न्यूज़ स्केल सुपौल

विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में प्रेक्षक द्वारा डिस्पैच सेंटर, रिसीविंग सेंटर, स्ट्रॉन्ग रूम तथा काउंटिंग सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, सावन कुमार , पुलिस अधीक्षक,सरथ आर एस , अपर समाहर्ता, सच्चिदानंद सुमन, अनुमंडल पदाधिकारी, इंद्रवीर कुमार, जिला विशेष कार्य पदाधिकारी, गोपनीय शाखा, विकास कुमार कर्ण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। संबंधित पदाधिकारियों को



निर्वाचन कार्यों को समयबद्ध एवं शुचितापूर्वक संपादित करने हेतु आवश्यक दिशा–निदेश प्रदान किए गए।
प्रेक्षक ने मतदान सामग्री के सुरक्षित संधारण, आगंतुकों की अभिगम नियंत्रण व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था तथा काउंटिंग स्थल पर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया कि निर्वाचन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं आयोग के निर्देशानुसार सुचारू रूप से संपादित हों।

# सुपौल में विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा बलों ने चलाया एरिया डोमिनेशन अभियान

न्यूज़ स्केल सुपौल

आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र सुपौल जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु शुक्रवार को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीपीएमएफ) और जिला पुलिस बल के संयुक्त दल द्वारा त्रिवेणीगंज अनुमंडल क्षेत्र में व्यापक एरिया डोमिनेशन एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने त्रिवेणीगंज बाजार के दुर्गा चौक, पुरानी बैंक चौक, चिलौनी धार, श्मशान घाट, बंशी चौक, जनता रोड और अनुमंडल रोड





होते हुए दुर्गा मंदिर चौक तक मार्च किया। इस दौरान बलों ने मुख्य बाजार क्षेत्र, गलियों और चौक-चौराहों पर पैदल गश्त करते हुए स्थिति का जायजा लिया। संवेदनशील इलाकों में मौजूद दुकानदारों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कागजात की जांच करते हुए बिना वैध दस्तावेज वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। सुरक्षा बलों ने लोगों से अपील की कि वे आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सुपौल के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के सभी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान क्षेत्रों में नियमित रूप से फ्लैग मार्च, रूट मार्च और चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करना है।

# आठ अवैध शस्त्र और 106 गोली जब्त 214 व्यक्ति के विरुद्ध अजमानतीय वारंट जारी

न्यूज़ स्केल सुपौल

बिहार विधान सभा निर्वाचन के दृष्टिगत, भयमुक्त, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराने हेतु जिला स्तर पर गठित विधि-व्यवस्था कोषांग अन्तर्गत इस जिले में अवांछित व्यक्तियों / पदार्थो यथा-मादक पदार्थ, अवैध राशि एवं अवैध अस्त्र-शस्त्र की रोकथाम हेतु अन्तर जिला सीमा पर कुल 14 चेक पोस्ट तथा अन्तराष्ट्रीय सीमा पर कुल 12 चेक पोस्ट निर्माण किया गया है। चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था क सुदृढिकरण हेतु FST-15, SST-16 तथा QRT-05 अलग-अलग स्थलों पर सक्रिय रूप से कार्यरत है। विधि व्यवस्था कोषांग अन्तर्गत चुनाव घोषण की तिथि से अद्यतन निम्न कार्रवाई की गयी है।
24 अक्टूबर तक कुल-8 अवैध शस्त्र तथा 106 गोली (Cartridges) जब्त किया गया है।जिलान्तर्गत कुल-557 आर्म्स अनुज्ञप्तिधारी में से शुक्रवार तक कुल 235 आर्म्स अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अपना आर्म्स जमा करवाया गया है। जिसमें 24 अक्टूबर को आर्म्स जमा करन वाले अनुज्ञप्तिधारी व्यक्तियों की संख्या 30 है।
चुनाव घोषणा की तिथि से 24 अक्टूबर तक कुल-5981 व्यक्तियों द्वारा बंध पत्र समर्पित किया गया है। जिसमें बंध पत्र समर्पित करने वाले व्यक्तियों की संख्या 196 है।
चुनाव घोषणा की तिथि से अद्यतन प्राप्त 363 अजमानतीय वारंट (NBW) के विरूद्ध 214 अजमानतीय वारंट को तामिल कराया गया है।
बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम, 2024 की धारा-3 तहत कुल 135 व्यक्तियों के विरूद्ध निरूद्धादेश निर्गत किया गया है। जिसमें एक अपराधी को जिला बदर (मधेपुरा जिला) किया गया है। जिलान्तर्गत 195 Vulnerable बुथों में चुनाव के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वाले कुल 602 व्यक्तियों के विरूद्ध BNSS की धारा-126 with 135 (3) के तहत कार्रवाई की गयी है।

# देवीपुर पंचायत में जीविका दीदियों ने रंगोली, रैली और शपथ के जरिए जगाई मतदान की अलख

न्यूज़ स्केल राघोपुर

देवीपुर पंचायत में शुक्रवार को जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस दौरान दीदियों ने रंगोली, रैली एवं शपथ ग्रहण के माध्यम से आगामी विधानसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया।
कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।



जीविका दीदियों ने संदेश दिया कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कर मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में योगदान दें।

# पुलिस एवं सामान्य प्रेक्षक ने की ढाका विधानसभा क्षेत्र की तैयारियों की समीक्षा

**न्यूज स्केल मोतीहारी**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा नियुक्त पुलिस प्रेक्षक एवं ढाका विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक की अध्यक्षता में निर्वाचन तैयारी की समीक्षा अनुमंडल सभागार ढाका में की गई। इस दौरान ढाका विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक अधिकारी एवं सह अनुमंडल पदाधिकारी श्री साकेत कुमार उपस्थित थे। समीक्षा में विधानसभा क्षेत्र में मतदान की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की गई।



**मतदाता और मतदान केंद्र का विवरण :**
अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि 21-ढाका विधानसभा क्षेत्र में कुल 3,35,513 मतदाता हैं, जिनमें 1,78,271 पुरुष, 1,57,233 महिला और 9 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कुल 381 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जो 160 विभिन्न स्थानों पर स्थित हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र अधिकतम 1,200 मतदाताओं के हिसाब से बनाए गए हैं।

**सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था**
विधानसभा क्षेत्र में मतदान को निष्पक्ष और सुरक्षित बनाने के लिए 43 सेक्टर पदाधिकारी और 43 सेक्टर पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त चार फ्लाइंग स्क्वाड टीम, तीन स्टेटिक सर्विलांस टीम और एक एक्साइज टीम सक्रिय रूप से सर्च अभियान चला रही हैं। सभी मतदान केंद्रों पर वेव कास्टिंग की व्यवस्था होगी और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

**अभ्यर्थी और प्रशिक्षण प्रक्रिया**
ढाका विधानसभा क्षेत्र में कुल 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनमें से दो अभ्यर्थियों के नामांकन स्क्रूटिनी के दौरान रद्द कर दिए गए और एक ने अपना नाम वापस लिया। वर्तमान में 10 अभ्यर्थी निर्वाचन लड़ेंगे। मतदान कर्मियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण जिला स्तर पर पूरा कर लिया गया है, जबकि द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। डिस्पैच सेंटर ढाका उच्च विद्यालय में स्थापित किया गया है, जहाँ स्ट्रांग रूम सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ ईवीएम सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार तैयार की गई हैं। इस अवसर पर ढाका विधानसभा के सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अनुमंडल और प्रखंड स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 'पूर्वी चंपारण में प्रेक्षक गण की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न'

**न्यूज स्केल मोतीहारी**

पूर्वी चंपारण के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक गण की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन सफलतापूर्वक समापन किया। समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित इस रेंडमाइजेशन में जिले के 4095 मतदान केंद्रों के लिए कुल 18,168 मतदान कर्मियों का चयन किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी 12 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कर्मियों की नियुक्ति विधानसभा वार की गई है।



**विधानसभा वार मतदान कर्मियों की नियुक्ति** : जिलाधिकारी ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों की संख्या भी साझा की। रक्सौल के लिए 1460, सुगौली के लिए 1488, नरकटिया के लिए 1584, हरसिद्धि के लिए 1384, गोविंदगंज के लिए 1412, केसरिया के लिए 1364, कल्याणपुर के लिए 1324, पिपरा के लिए 1868, मधुबन के लिए 1388, मोतिहारी के लिए 1628, चिरैया के लिए 1584 एवं ढाका के लिए 1688 मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गई है।

**विशेष और मिक्सड मतदान केंद्र** : जिलाधिकारी ने रेंडमाइजेशन में विशेष ध्यान रखते हुए 156 विशेष मतदान केंद्र भी बनाए। इनमें 132 केवल महिलाओं द्वारा संचालित होंगे, 12 युवा कर्मियों द्वारा और 12 दिव्यांग कर्मियों द्वारा। इसके अतिरिक्त 1,281 मतदान केंद्र मिक्सड रूप में रखे गए हैं, जहाँ दो पुरुष और दो महिला मतदान कर्मी कार्य करेंगे। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए 457 सेक्टर पदाधिकारी, 457 सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, 68 जोनल दंडाधिकारी, 27 सुपर जोनल दंडाधिकारी एवं 435 माइक्रो आब्जर्वर भी नियुक्त किए गए।

## पश्चिम चम्पारण में छठ महापर्व की तैयारियाँ तेज़, व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा को बनाया सर्वोच्च प्राथमिकता

**न्यूज स्केल बेतिया**





पश्चिम चम्पारण में छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में छठव्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पर्व के अवसर पर प्रशासन का मुख्य उद्देश्य व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और श्रद्धामय वातावरण सुनिश्चित करना है।

**स्वास्थ्य और आपात सेवा की तैयारी** : बैठक में स्वास्थ्य विभाग को घाटों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर प्राथमिक उपचार केंद्र संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित मदद उपलब्ध हो। यह कदम विशेष रूप से महिला व्रतियों और वृद्ध श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

**घाटों पर स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था** : जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी प्रमुख छठ घाटों की सफाई, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था समय पर पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि घाटों तक जाने वाले मार्गों की मरम्मत, कीचड़ की सफाई और पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रशासन ने घाटों की भौतिक निरीक्षण की जिम्मेदारी अधिकारियों को दी है, ताकि सड़कों, नालियों और घाटों की सफाई एवं मरम्मत कार्य समय पर पूरा हो।

**विद्युत और प्रकाश व्यवस्था**
विद्युत विभाग को सभी घाटों और प्रमुख स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा खराब तारों और पोलों की तत्काल मरम्मत का आदेश दिया गया। प्रशासन ने सभी विभागों को आपसी समन्वय और सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि पर्व का आयोजन सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से हो सके। बैठक में नगर आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी, अनुमंडल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नवादा के 5 विधानसभा क्षेत्रों के 2169 बूथों पर मतदान की तैयारियां पूरी-रवि प्रकाश

**नवादा,** (हि.स.)नवादा जिले के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रवि प्रकाश ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र के 2,169 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि आवश्यक सभी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 11 नवंबर को नवादा के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान संपन्न कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि 77 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दर्ज कराया था, जिनमें से 59 का नामांकन पत्र सही पाया गया। 18 प्रत्याशियों का नामांकन अधूरा होने के कारण रद्द कर दिया गया, जबकि चार ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इस तरह अब 55 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदाताओं की सुविधा और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव में 9,600 कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा, जिनका प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही एक लाख मतदाताओं को मतदाता पर्ची उनके घरों में वितरित कर दी गई है। जिला प्रशासन ने चुनाव संपन्न कराने के लिए 3,000 से अधिक वाहनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की है। नवादा के एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि 11 कंपनियां अर्धसैनिक बल की तैनाती के साथ अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन भी कराया जा रहा है। बेहतर और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कुल 65 कंपनियों की मांग की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होंगे।



## युवक के डूबने के सातवें दिन पानी के ऊपर तैरता मिला शव

**नवादा,** (हि.स.)नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली गांव के बंद पड़े खदान में शुक्रवार को एक युवक का शव पानी में तैरते मिला। युवक बीते 18 अक्टूबर से लापता था।पुलिस व परिजन युवक की तलाश में जुटे हुए थे।मृतक की पहचान चितरकोली गांव निवासी स्व. जीतन यादव के 40 वर्षीय पुत्र मनोज यादव के रूप में हुई है।शव बरामदगी के बाद परिजनों का संशय खत्म हो गया है।
इसके पूर्व दो दिनों से पटना से आई एनडीआरएफ की टीम द्वारा शव की बरामदगी को लेकर अथक प्रयास किया गया था।एनडीआरएफ की टीम के जाते ही अगले दिन शुक्रवार को शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया।



**पोस्टमार्टम के बाद खुलेगा मृत्यु का राज** :- : सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि शुक्रवार को ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि लापता मनोज यादव का शव पानी के ऊपर तैरता हुआ दिखाई दे रहा है।सूचना के बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम हेतु नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है।वहीं पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों पर से पर्दा हट सकेगा।

## नालंदा में विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**न्यूज स्केल नालंदा**

आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी निर्वाची पदाधिकारी और संबंधित कोषांग पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव एक संवैधानिक दायित्व है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



उन्होंने सभी कोषांगों को समयबद्ध रिपोर्टिंग और बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से ईवीएम-VVPAT प्रबंधन, SVEEP अभियान, परिवहन, कार्मिक, मतगणना, नियंत्रण कक्ष, संचार, ऑब्जर्वर कोषांग, वेबकास्टिंग, सुरक्षा, माइक्रो ऑब्जर्वर, मीडिया कोषांग, रिसीविंग और डिस्पैच सेंटर पर ध्यान देने को कहा गया। पोलिंग पार्टियों को प्रपत्र 17C का वितरण, VTR मिलान, ईसीआई नेट ऐप पर अपलोडिंग, मॉक पोल संचालन, वेबकास्टिंग और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था जैसी प्रक्रियाओं में प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि वीवीपैट कमिश्निंग के दौरान धूप और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए, अभ्यर्थियों का प्रवेश फ्रिस्किंग के बाद ही सुनिश्चित किया जाए, और मोबाइल प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। कम वीटीआर वाले मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने, ई-पिक का समय पर वितरण और महादलित टोलों में शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। साथ ही, सभी मतदान केंद्रों में पेयजल, सफाई, शौचालय, फर्नीचर और विद्युत जैसी सुविधाओं की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए। ईवीएम कमिश्निंग, रेन्डमाइजेशन, स्ट्रांग रूम, डिस्पैच सेंटर और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने तथा मतदान कर्मियों के साथ पुलिस बल और वाहन की व्यवस्था करने की भी स्पष्ट हिदायत दी गई।

## हत्या,लूट सामूहिक दुष्कर्म के दस फरार अपराधी पर 2 लाख 10 हजार का इनाम घोषित

### -सामूहिक दुष्कर्म एवं डकैती के दो मोस्ट वांटेड पर 50-50 हजार का इनाम

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। जिला पुलिस ने जिले के अलग - अलग थाने में दर्ज विभिन्न मामलों में फरार चल रहे हैं 10 अपराधियों के विरुद्ध 2 लाख 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।इसकी जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने दी है।
उन्होंने बताया है कि कोटवा थाना क्षेत्र के कदम चौक के नजदीक डीजल चोरी करने वाले गैंग के अपराधियों ने डीजल चोरी का विरोध करने पर होटल संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले के चार अभियुक्तों के विरुद्ध 10 - 10 हजार के इनाम की घोषणा की है। जिसमें मुजफ्फरपुर साहिबगंज के पकड़ी बरसात गांव का चंदन गिरि , साहबगंज सेमरा का धीरज कुमार , साहिबगंज माधोपुर हजारी गांव का चंदन कुमार एवं साहिबगंज थाना क्षेत्र के ही बांग्रा गांव का मोस्ट वांटेड विकास राय उर्फ पकौड़ी शामिल है। इसके अलावा डकैती के एक वांटेड अभियुक्त नेपाल के सरलाही के शक्ति कपूर के विरुद्ध 50 का इनाम घोषित किया गया है। उसके विरुद्ध भेलाही थाने में मामला दर्ज है।
वही रक्सौल नौका टोला के सोहेल खान के विरुद्ध 50हजार के ईनाम की घोषणा की गई है। रक्सौल थाने में ही सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज है। अरेराज के छोटू राणा उर्फ प्रताप राणा के विरुद्ध रंगदारी को लेकर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया है। वहीं हरसिद्धि के सनौर खान के विरुद्ध 20 हजार के इनाम की घोषणा की गई है। वहीं चांदमारी चौक पर हुए जिला परिषद सदस्य सुरेश यादव के मर्डर के मामले में फरार चल रहे बंजरिया थाने के फुलवार गांव के दिलरंजन दुबे उर्फ टीगन दुबे के विरुद्ध 15 हजार का इनाम रखा गया है ।रक्सौल के एक मामले में फरार चल रहा अपराधी इनामुल अंसारी के विरुद्ध 10 हजार के इनाम की घोषणा की गई है। वह कई तरह के अपराध को लेकर पुलिस के मोस्टवांटेल वाले लिस्ट में शामिल है।




## पुलिस की कार्रवाई में पिता-पुत्र गिरफ्तार, देशी और विदेशी शराब जप्त

**बेतिया,** (हि.स.) शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए बेतिया स्थित लौरिया पुलिस लगातार कार्रवाई में जुटी है।
इसी क्रम में गुरुवार की शाम पुलिस ने परोरहा गांव में छापेमारी कर दो शराब तस्करों को दबोच लिया।
गिरफ्तार दोनों आरोपित आपस में पिता-पुत्र बताए जा रहे हैं।
थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान परोरहा गांव निवासी हरिचंद्र यादव एवं उसके पुत्र नागेंद्र यादव के रूप में की गई है।
पुलिस ने उनके पास से चार लीटर देशी चुलाई शराब और आठ पीस विदेशी शराब बरामद की है। दोनों आरोपितों को थाने लाकर पूछताछ के बाद शराबबंदी कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई और न्यायिक हिरासत में बेतिया जेल भेज दिया गया।





# महेसाणा में भारतीय वायुसेना की ‘सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम’ ने दिखाया अपना शौर्य

**महेसाणा,** (हि.स.)। गुजरात के महेसाणा में शुक्रवार को भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध ‘सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम’ (एसकेएटी) ने एयर शो में शानदार करतब दिखाए, जिसे देखकर वहां मौजूद लोग मंत्रमुग्ध रह गए। दिवाली की आतिशबाजी के बाद आयोजित इस भव्य प्रदर्शन में नौ हॉक एमके 132 विमानों ने आकाश में डायमंड फॉर्मेशन, तेजस विमान की आकृति, लूप्स, रोल्स, हेड-ऑन क्रॉस, इनवर्टेड फॉर्मेशन, डीएनए, ए और वाय जैसे रोमांचक स्टंट किए।

ऊर्जा मंत्री ऋषिकेश पटेल और लोकसभा सांसद हरीभाई पटेल की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि महेसाणा में एयर शो आयोजित होना उत्तर गुजरात के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की सराहना करते हुए “ऑपरेशन सिंदूर” जैसी उपलब्धियों के लिए सेना का आभार व्यक्त किया।

एसकेएटी, 1996 में स्थापित, एशिया की एकमात्र नौ विमानों वाली एरोबेटिक टीम है और “सर्वदा सर्वोत्कृष्ट” के मूलमंत्र के तहत अनुशासन और उत्कृष्टता का प्रतीक है। टीम ने अब तक 700 से अधिक प्रदर्शन किए हैं और जनवरी-फरवरी में वडोदरा, जामनगर, नलिया और भुज में भी गुजरातवासियों को मंत्रमुग्ध किया। विमानों ने तिरंगे के रंगों से आकाश को सजाया—केसरिया अध्यात्म का, सफेद शांति और सत्य का, हरा उत्पादकता का, और अशोक चक्र न्याय का प्रतीक। इस रोमांचक एयर शो का सफल संचालन पायलट कमल संधू और गौरव पटेल ने किया। कार्यक्रम में विधायक, अधिकारी, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने इसे “एक राष्ट्र, सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र” की भावना के साथ सराहा।

# स्टॉक मार्केट में मिडवेस्ट लिमिटेड की जोरदार एंट्री, मुनाफे में आईपीओ निवेशक

**नई दिल्ली,** (हि.स.) नेचुरल स्टोन्स की माइनिंग और प्रोसेसिंग करने वाली मिडवेस्ट लिमिटेड के शेयरों ने आईपीओ में शानदार शुरुआत की। 1,065 रुपये पर जारी शेयर आज बीएसई पर 1,165.10 रुपये और एनएसई पर 1,165 रुपये पर लिस्ट हुए। सुबह 10:15 बजे तक शेयर 1,180.65 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे, जिससे निवेशकों को 10.86 प्रतिशत का लाभ हुआ। 451 करोड़ रुपये के आईपीओ को 15 से 17 अक्टूबर तक




सब्सक्रिप्शन के लिए खोला गया था, जो कुल 22.36 गुना ओवरसब्सक्राइब हुआ। इसमें क्यूआईबी 146.99 गुना, एनआईआई 176.57 गुना और रिटेल निवेशकों के लिए 25.52 गुना सब्सक्रिप्शन हुआ। आईपीओ से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल मिडवेस्ट नियोस्टोन के क्वाट्र्ज प्लांट के दूसरे चरण, इलेक्ट्रिक डंप ट्रक खरीद, सोलर एनर्जी इंटीग्रेशन, पुराने कर्ज कम करने और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों में किया जाएगा। कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2022-23 में 54.44 करोड़, 2023-24 में 100.32 करोड़ और 2024-25 में 133.30 करोड़ रुपये रहा। राजस्व भी 522.23 करोड़ से बढ़ कर 643.14 करोड़ रुपये हो गया।

# शेयर बाजार में 6 दिन से जारी तेजी पर लगा ब्रेक, मजबूत शुरुआत के बाद गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स, निफ्टी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार में पिछले 6 कारोबारी दिनों की तेजी पर आज ब्रेक लग गया। कारोबार की शुरुआत मजबूत रही, लेकिन जल्दी ही बिकवाली का दबाव बढ़ा और सेंसेक्स 0.41 प्रतिशत तथा निफ्टी 0.37 प्रतिशत कमजोर होकर बंद हुए।



**शुरुआती तेजी और फिर बिकवाली** : आज सेंसेक्स 84,667.23 अंक पर 110.83 अंक की मजबूती के साथ खुला। थोड़ी देर बाद 151.04 अंक बढ़कर 84,707.44 अंक तक पहुंचा। हालांकि, मुनाफा वसूली के दबाव से सेंसेक्स दोपहर तक 83,957.15 अंक तक गिर गया। अंतिम कारोबार में मामूली सुधार के बाद यह 84,211.88 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 25,935.10 अंक से खुलकर 25,944.15 तक बढ़ा, फिर बिकवाली के चलते 25,718.20 अंक तक गिरा और अंततः 25,795.15 अंक पर बंद हुआ।

**सेक्टर पर असर** : मेटल, टेलीकॉम, कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस और टेक सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का जोर देखा गया। वहीं, एफएमसीजी, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, आईटी, ऑटोमोबाइल और हेल्थकेयर इंडेक्स में कमजोरी रही। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी क्रमशः 0.26 और 0.19 प्रतिशत कमजोर हुए। कुल मिलाकर, आज के कारोबारी दिन में शुरुआती मजबूती के बाद बिकवाली ने बाजार की चाल पर हावी रही और निवेशकों के लिए नुकसानदेह साबित हुई।

**प्रमुख शेयर प्रदर्शन** : हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 4.04%, भारती एयरटेल 1.07%, ओएनजीसी 1.05%, आईसीआईसीआई बैंक 1.03% और श्रीराम फाइनेंस 0.82% मजबूत रहे। जबकि सिप्ला 3.69%, हिंदुस्तान यूनिलीवर 3.27%, मैक्स हेल्थकेयर 2.22%, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.87% और अदानी पोर्ट्स 1.66% कमजोर रहे। आज के कारोबार से निवेशकों की संपत्ति में करीब 1.33 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई।

# रात में महसूस होने वाले विटामिन डी की कमी के लक्षण और बचाव के उपाय

विटामिन डी की कमी अक्सर नजरअंदाज हो जाती है, लेकिन इसके लक्षण खासकर रात में अधिक स्पष्ट हो सकते हैं। यदि आप रात में मांसपेशियों, खासकर बाजू, जांघ या पीठ में दर्द महसूस करते हैं, तो यह आपके शरीर में विटामिन डी की कमी का संकेत हो सकता है। मसल पेन सिर्फ





थकान या साधारण दर्द नहीं बल्कि अलर्ट साइन होता है। इसके अलावा, शरीर में सुन्नपन, झुनझुनी या ऐंठन जैसी समस्याएं भी विटामिन डी की कमी का संकेत देती हैं। अक्सर लोग इन्हें मामूली समस्या समझ लेते हैं, लेकिन ये लक्षण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की ओर इशारा कर सकते हैं। कमी से बचने के लिए रोजाना थोड़ी देर धूप में बैठना जरूरी है। इसके अलावा, विटामिन डी से भरपूर फूड्स जैसे फैटी फिश, अंडे की जर्दी, दूध, दही और संतरे को अपनी डाइट में शामिल करना फायदेमंद है। डिस्क्लेमरः कोई भी नई डाइट या हेल्थ प्रोग्राम शुरू करने से पहले डॉक्टर की सलाह लेना आवश्यक है।

# लो ब्लड प्रेशर में कौन सा नमक है बेहतर : सेंधा नमक या पिंक सॉल्ट

अगर आपको अक्सर लो ब्लड प्रेशर की समस्या रहती है, तो नमक का सही चुनाव करना जरूरी है। लो बीपी में सोडियम युक्त नमक ब्लड प्रेशर बढ़ाने में मदद करता है क्योंकि यह शरीर में फ्लूइड रिटेन करता है और ब्लड वॉल्यूम को बढ़ाता है। इस मामले में हेल्थ एक्सपर्ट्स सेंधा नमक या पिंक सॉल्ट





को बेहतर विकल्प मानते हैं। सेंधा नमक में पोटैशियम, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स मौजूद होते हैं, जो ब्लड प्रेशर बढ़ाने के साथ-साथ सेहत को भी लाभ पहुंचाते हैं। आप पानी में थोड़े से सेंधा नमक मिलाकर भी पी सकते हैं। हालांकि, नमक की मात्रा बढ़ाने से पहले डॉक्टर से सलाह लेना बेहद जरूरी है। हाई बीपी या हृदय संबंधी समस्याओं वाले लोग नमक का सेवन नियंत्रित रखें, क्योंकि ज्यादा नमक से ब्लड प्रेशर खतरनाक रूप से बढ़ सकता है। लो बीपी में सेंधा नमक का संतुलित उपयोग सेहत के लिए सुरक्षित और लाभकारी साबित हो सकता है। डिस्क्लेमरः यह जानकारी सामान्य संदर्भ के लिए है, किसी भी बदलाव से पहले डॉक्टर से परामर्श लें।

# राशिफल : 25 अक्टूबर, 2025

मेष : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-1-4-6

वृष : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्घि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-2-4-6

मिथुन : रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक ङ्क्षचताएं भी कम होगी। शुभांक-2-5-6

कर्क : उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-5-7

सिंह : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-7

कन्या : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-8

तुला : वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-7

वृश्चिक : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्घ होगी। शुभांक-1-5-9

धनु : बुद्घि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-2-5-7

मकर : आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-7-9

कुम्भ : बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-7-9

मीन : जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-3-5-7

# पंचांग : 25 अक्टूबर, 2025

25 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य तुला में
चंद्र वृश्चिक में
मंगल तुला में
बुध वृश्चिक में
गुरु कर्क में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
वृश्चिक 07.46 ब.से
धनु 10.02 बजे से
मकर 12.07 बजे से
कुंभ 13.54 बजे से
मीन 15.27 बजे से
मेष 16.57 बजे से
वृष 18.37 बजे से
मिथुन 20.35 बजे से
कर्क 22.49 बजे से
सिंह 01.05 बजे से
कन्या 03.17 बजे से
तुला 05.27 बजे से
शनिवार 2025 वर्ष का 298 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक पक्ष शुक्ल
तिथि चतुर्थी 03.49 बजे रात्र को समाप्त।
नक्षत्र अनुराधा 07.52 बजे को समाप्त।
योग शोभन अहोरात्र।
करण वणिज 14.35 बजे तदनन्तर विष्टि 03.49 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 03.5 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 120 07’
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872508
जूलियन दिन 2460973.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जमादि उल्लावल तारीख 02
विशेष विनायक चतुर्थी।



# जम्मू-कश्मीर के 86 विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में वोट डाला

**श्रीनगर,** (हि.स.)। जम्मू-कश्मीर के विधायकों ने शुक्रवार को हुए राज्यसभा चुनाव में भाग लिया और अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 86 विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में मतदान किया। आप विधायक मेहराज मलिक, जो वर्तमान में हिरासत में हैं, उनका डाक मतपत्र भी निर्वाचन अधिकारी के पास पहुंच गया है और उसे मतगणना में शामिल किया जाएगा।

राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त हो गया है, लेकिन औपचारिक रूप से मतदान की प्रक्रिया शाम 4:00 बजे समाप्त होगी।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में फिलहाल 88 विधायक हैं। मेहराज मलिक ने हिरासत में रहते हुए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया, जबकि पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन ने मतदान से परहेज करने का फैसला किया।

नेशनल कॉन्फ्रेंस को कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, माकपा और निर्दलीय विधायकों का समर्थन मिलने के साथ ही गठबंधन के विधायकों की संख्या 58 हो गई है, जो चारों सीटें जीतने के लिए पर्याप्त है।

सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों और निर्दलीय विधायकों, खासकर शेख खुर्शीद और शब्बीर कुल्ली के दावों को देखते हुए भाजपा के एक भी सीट जीतने की संभावना कम ही दिखती है। गठबंधन के पास तीसरी और चौथी सीट के लिए 29-29 वोट हैं, जबकि भाजपा के पास अपने उम्मीदवार के लिए 28 वोट हैं।

ऐसे में भाजपा केवल तभी सीट जीत सकती है, जब गठबंधन के गुट एनसी, कांग्रेस, पीडीपी या निर्दलीय के विधायक क्रॉस-वोटिंग करें। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस का चुनाव से दूर रहने का फैसला मुख्यतः किसी भी क्रॉस-वोटिंग के लिए दोषारोपण से बचने और एनसी और भाजपा दोनों से दूरी बनाने की इच्छा से प्रेरित है।

## कोलकाता पुलिस ने 132 लोगों को किया गिरफ्तार, 365 पर यातायात नियम तोड़ने पर कार्रवाई

**कोलकाता,** (हि.स.)। त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए गए विशेष अभियान में कोलकाता पुलिस ने 132 लोगों को विभिन्न अपराधों के आरोप में गिरफ्तार किया है।

कोलकाता पुलिस मुख्यालय लाल बाजार की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में बताया गया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में अधिकतर को हुड़दंग मचाने और अवैध रूप से विस्फोटकों के इस्तेमाल के मामलों में पकड़ा गया है।

पुलिस ने बताया कि 122 लोगों को हंगामा करने के लिए और 10 लोगों को प्रतिबंधित पटाखे फोड़ने के आरोप में गुरुवार को हिरासत में लिया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने करीब 3.7 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे और 4.2 लीटर अवैध शराब भी जब्त की। अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई शहर में ध्वनि और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने तथा अवैध पदार्थों की आवाजाही रोकने के उद्देश्य से की गई।



इसी क्रम में यातायात विभाग ने अलग से चलाए गए अभियान में 365 लोगों के खिलाफ यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले दर्ज किए। इनमें 75 बाइक सवार और 44 पिछली सीट पर बैठे यात्री बिना हेलमेट पाए गए। इसके अलावा 71 मामलों में लापरवाही से वाहन चलाने, 65 मामलों में नशे में ड्राइविंग और 110 अन्य मामलों में अलग-अलग यातायात उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ऐसे सघन अभियान आगे भी जारी रहेंगे ताकि नागरिक सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनी रहे।-

## पश्चिम बंगाल में 'एसआईआर' प्रक्रिया नवंबर से, जनवरी तक पूरा होगा कार्य

**कोलकाता,** (हि.स.)। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया नवंबर के पहले सप्ताह में शुरू होगी। पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चुनाव आयोग ने गुरुवार को दिल्ली में हुई राज्यों के सीईओ की बैठक में इस संबंध में संकेत दिया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने की, जबकि आयोग के अन्य सदस्य सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी उपस्थित रहे।




**पांच राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया पर विशेष जोर**

आगामी वर्ष इन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। आयोग ने फुल बेंच के माध्यम से प्रत्येक राज्य की तैयारियों की समीक्षा की। आयोग सूत्रों के अनुसार इन राज्यों को एसआईआर प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाएगी ताकि जनवरी के अंत तक सभी कार्य पूरे किए जा सकें। अप्रैल के अंत तक चुनाव कराने के दृष्टिगत जिला चुनाव अधिकारी, चुनाव पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), सहायक ईआरओ और बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) के प्रशिक्षण व नियुक्ति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

**बीएलओ की सुरक्षा और आयोग के निर्देश :** बैठक में बीएलओ अधिकारियों की सुरक्षा चिंता का मुद्दा भी उठाया गया। आयोग ने स्पष्ट किया कि बीएलओ की भूमिका केवल फॉर्म वितरित करने और सूची अद्यतन करने तक सीमित है। किसी पर राजनीतिक दबाव पड़ने पर उन्हें सीधे आयोग को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। आवश्यक होने पर आयोग पुलिस कार्रवाई कर सकता है और कानून के अनुसार सुरक्षा व कानूनी कदम उठाएगा।

**पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी :** इस बार एसआईआर पूरी तरह डिजिटल होगी। नई मोबाइल एप्लीकेशन विकसित की जा रही है, जिससे मतदाता सूची का अद्यतन अधिक सरल और पारदर्शी बनेगा। बीएलओ अधिकारी, जो अधिकांशतः स्कूल शिक्षक होते हैं, घर-घर जाकर मतदाता सूची फॉर्म वितरित, संग्रह और उपस्थिति की पुष्टि करेंगे।

## भोपाल से आईएसआईएस से जुड़ा आतंकी गिरफ्तार

**भोपाल,** (हि.स.)। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है, जो दिल्ली में बड़े धमाके की साजिश रच रहे थे। भोपाल के करोंद इलाके से 21 वर्षीय अदनान खान उर्फ अबु मोहम्मद और दिल्ली के सादिक नगर से 20 वर्षीय अदनान उर्फ अबु मुहारिफ को पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि दोनों को फिदायीन हमले की ट्रेनिंग दी जा रही थी और उनके पास से बम बनाने के वीडियो, टाइमर, आईएसआईएस का झंडा और धमाका करने की योजना की फोटो बरामद हुई। भोपाल के अदनान को पहले उत्तर प्रदेश एटीएस भी गिरफ्तार कर चुकी है। वह



सोशल मीडिया पर सक्रिय था और दीपावली से पहले पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पड़ोसियों का कहना है कि वह पढ़ाई में अच्छा था और सीए की तैयारी कर रहा था। भोपाल में पहले भी कई युवाओं को आतंकी संगठन से जोड़कर गिरफ्तार किया गया है। सितंबर में स्पेशल सेल ने कई राज्यों के पांच संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आतंकियों की उम्र 20-26 वर्ष के बीच थी। पुलिस की लगातार कार्रवाई से आतंकियों के नेटवर्क का भंडाफोड़ हो रहा है।

## मप्र के इंदौर एयरपोर्ट की रैंकिंग गिरी, सर्विस क्वालिटी सर्वे में देश में चौथे नंबर पर पहुंचा

**इंदौर,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की रैंकिंग में गिरावट आई है। एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वे की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) की रिपोर्ट में इंदौर एयरपोर्ट तीसरे स्थान से खिसककर चौथे स्थान पर आ गया है। देश के टॉप एयरपोर्ट की सूची में पुणे पहले, गोवा और वाराणसी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इंदौर को कुल पांच में से 4.93 अंक मिले, जबकि गोवा और वाराणसी को 4.94 अंक मिले।

**एशिया पैसेफिक रैंकिंग में भी गिरावट :** एशिया-पैसेफिक की 98 एयरपोर्ट की सूची में इंदौर एयरपोर्ट 58वें स्थान से 63वें स्थान पर फिसल गया है। सर्वे में यात्रियों से 31 बिंदुओं पर फीडबैक लिया जाता है। इस बार 24 बिंदुओं पर पिछले तिमाही की तुलना में अंक कम मिले। विशेष रूप से शॉपिंग और वेल्यू फॉर मनी में कम अंक मिले, जबकि वॉशरूम और टॉयलेट की स्वच्छता में सुधार हुआ।




**प्रबंधन का सुधार प्रयास**

सितंबर 2025 में एक यात्री को चूहे के काटने की घटना ने एयरपोर्ट की छवि प्रभावित की थी। नए एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार के पदभार संभालने के बाद प्रबंधन ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं। आने वाले समय में नए लाउंज, पार्किंग सुधार, बेहतर शॉपिंग जोन और तकनीकी उन्नयन की योजनाएं बनाई गई हैं। अधिकारी उम्मीद जताते हैं कि इन सुधारों के बाद इंदौर एयरपोर्ट फिर से देश के शीर्ष तीन एयरपोर्ट में शामिल होगा।

## सपने देखने ही नहीं, उन्हें साकार करने का साहस ही नए भारत की पहचान है : सिंधिया

### वडोदरा में रोजगार मेला में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

**वडोदरा,** (हि.स.)। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नए भारत की पहचान सिर्फ सपने देखने में नहीं, बल्कि उन्हें साकार करने के साहस में है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए 17वें प्रधानमंत्री रोजगार मेले में भाग लिया और कहा कि यह मेला केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और परिवार की खुशियों का उत्सव है। उन्होंने युवाओं को "अमृत पीढ़ी" बताते हुए कहा कि शिक्षा, कौशल और रोजगार का लक्ष्य देश को विकसित भारत @2047 की दिशा में ले जा रहा है।



**'यूथ फर्स्ट' दृष्टिकोण और नवाचार :** सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'यूथ फर्स्ट' दृष्टिकोण युवाओं को रोजगार खोजने और सृजित करने दोनों में सक्षम बना रहा है। उन्होंने बताया कि भारत आज ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इंडेक्स में 63वें, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में दूसरे, और ऑटोमोबाइल उत्पादन में तीसरे स्थान पर पहुँच चुका है। कोविड वैक्सीन के निर्माण में भी देश की युवा ऊर्जा और नवाचार की झलक दिखाई दी।

**डाक विभाग में रोजगार और भविष्य की जिम्मेदारी**

सिंधिया ने बताया कि डाक विभाग में अब तक 1.86 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है। 17वें चरण में 8,295 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने युवाओं से कहा कि नियुक्ति पत्र केवल नौकरी का अवसर नहीं, बल्कि देश का भविष्य है, और इसे अपने सपनों और राष्ट्र निर्माण की यात्रा की शुरुआत मानें।

# अमेरिका अब कनाडा से व्यापार वार्ता नहीं करेगा



**वाशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को लेकर कनाडा में एक नकारात्मक टीवी विज्ञापन पर सख्त एतराज जताते हुए कनाडा के साथ अब कोई व्यापार वार्ता नहीं करने की घोषणा की है।
एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने अपने सोशल ट्रुथ पर पोस्ट किया, "अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए टैरिफ बेहद महत्वपूर्ण हैं। उनके घृणित व्यवहार के आधार पर कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ताएं समाप्त की जाती हैं।"
यह विज्ञापन अभियान इस महीने की शुरुआत में कनाडा के ओंटारियो प्रांत से शुरू किया गया। इस विज्ञापन में तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के 1987 के एक भाषण के अंशों का ऑडियो शामिल है, जो उन्होंने जापानी उत्पादों पर कुछ शुल्क लगाते समय दिया था, लेकिन उच्च टैरिफ के दीर्घकालिक आर्थिक जोखिमों और व्यापार युद्ध के खतरे के बारे में आगाह भी किया था।
रोनाल्ड रीगन प्रेसिडेंशियल फाउंडेशन एंड इंस्टीट्यूट ने गुरुवार शाम सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि कनाडाई विज्ञापन अभियान में रीगन के "चुनिंदा ऑडियो और वीडियो" का इस्तेमाल किया गया है और उनके भाषण में कही गई बातों को "गलत तरीके से प्रस्तुत" किया गया है।
कनाडाई विज्ञापन अभियान का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा, "उन्होंने ऐसा सिर्फ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय और अन्य अदालतों के फैसलों में दखल देने के लिए किया।" उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय जल्द ही यह तय करने वाला है कि क्या ट्रंप के व्यापक वैश्विक पारस्परिक शुल्क कांग्रेस के आपातकालीन अधिकार का अवैध इस्तेमाल हैं और क्या अब तक वसूले गए अरबों डॉलर वापस किए जाने चाहिए।
इस महीने की शुरुआत में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ व्हाइट हाउस में हुई एक बैठक में ट्रंप ने संभावित अमेरिका-कनाडा व्यापार समझौते को लेकर आशावाद का संकेत देते हुए कहा था कि दोनों पक्ष बातचीत में काफी आगे बढ़ चुके हैं। जुलाई में ट्रंप ने कनाडा से आने वाले ज्यादातर सामानों और कच्चे माल पर 35 फीसद शुल्क लगाया था।

# पाकिस्तान समेत विभिन्न मुस्लिम देशों ने पश्चिमी तट के विलय के इजराइली प्रयासों की निंदा की




**इस्लामाबाद,** (हि.स.)। पाकिस्तान, अरब देशों और अन्य मुस्लिम राष्ट्रों के व्यापक गठबंधन ने पश्चिमी तट पर तथाकथित "संप्रभुता" थोपने के इज़राइली प्रयासों की कड़ी निंदा की है। गुरुवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी संयुक्त बयान में जॉर्डन, इंडोनेशिया, तुर्किये, सऊदी अरब, ओमान, क़तर, मिस्र, मलेशिया सहित ओआईसी और अरब संघ ने इज़राइली संसद 'नेसेट' द्वारा पारित दो मसौदा कानूनों को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया।
**अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव का उल्लंघन :** घोषणा में कहा गया है कि ये विधेयक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2334 के विपरीत हैं, जो पूर्वी यरुशलम सहित कब्जे वाले फ़िलिस्तीनी क्षेत्रों की जनसांख्यिकीय संरचना बदलने की सभी इज़राइली कार्रवाइयों को अस्वीकार करता है। बयान में ज़ोर दिया गया कि फ़िलिस्तीनी भूभाग के किसी हिस्से पर इज़राइल की कोई वैध संप्रभुता नहीं है।
**आईसीजे के निर्णय का स्वागत** गठबंधन देशों ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के उस परामर्श का स्वागत किया, जिसमें गाजा सहित कब्जे वाले क्षेत्रों में मानवीय राहत पहुँचाने की इज़राइल की जिम्मेदारी तय की गई। अदालत ने भुखमरी को युद्ध के औज़ार के रूप में इस्तेमाल करने पर आपत्ति जताई और सहायता में बाधा डालने के लिए इज़राइल की आलोचना की।

**संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 'अमान्य' हैं दावे :** बयान में कहा गया कि पूर्वी यरुशलम पर इज़राइल के दावे संयुक्त राष्ट्र द्वारा अमान्य घोषित किए जा चुके हैं। गठबंधन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आह्वान किया कि वह इज़राइल को उसकी अवैध कार्रवाइयों से रोके और 1967 की सीमाओं के भीतर पूर्वी यरुशलम को राजधानी बनाकर एक स्वतंत्र फ़िलिस्तीनी राज्य की स्थापना सुनिश्चित करे, जो इस क्षेत्र में स्थायी शांति का एकमात्र मार्ग है।

# 24 बांग्लादेशी नागरिकों की रिहाई के लिए यूएई से अनुरोध करेंगे यूनुस



**ढाका,** (हि.स.)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से अनुरोध करेंगे कि वह यूएई में छात्र आंदोलनों के दौरान हिरासत में लिए गए 24 बांग्लादेशी नागरिकों को 'आम माफी' प्रदान करें। प्रवासी कल्याण एवं विदेशी रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि मुख्य सलाहकार यूएई के राष्ट्रपति को इस बाबत एक पत्र भेजकर इस आशय का अनुरोध करेंगे। इन छात्रों को यूएई में पिछले साल भेदभाव-विरोधी छात्र आंदोलन से जुड़े विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिया गया था। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पत्र के मसौदे को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्द ही मंत्रालय से मुख्य सलाहकार के कार्यालय को भेज दिया जाएगा। मंत्रालय के वरिष्ठ सचिव सीधे इस प्रक्रिया पर निगरानी रख रहे हैं।
गौरतलब है कि पिछले साल भी प्रोफेसर यूनुस ने यूएई के राष्ट्रपति से व्यक्तिगत रूप से टेलीफोन पर संपर्क कर विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए यूएई की अदालतों द्वारा दंडित 57 बांग्लादेशी नागरिकों के लिए क्षमादान का अनुरोध किया था। उस दौरान ही यूएई ने मुख्य सलाहकार की अपील के बाद सभी 57 बंदियों को क्षमादान दिया था, और उनके हस्तक्षेप को सम्मान का प्रतीक बताया था। मंत्रालय के अनुसार इस साल नौ अक्टूबर तक यूएई में हिरासत में लिए गए 188 बांग्लादेशी नागरिक स्वदेश लौट चुके थे जबकि शेष 24 के लिए प्रयास जारी रहे। अधिकारियों ने कहा दिया कि इस बाबत राजनयिक और कानूनी उपाय जारी हैं और इस बारे में सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए काम किया जा रहा है।

# चीन ने नया संचार परीक्षण उपग्रह प्रक्षेपित किया



**बीजिंग,** (हि.स.)। चीन ने हैनान प्रांत के वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र से एक नया संचार प्रौद्योगिकी परीक्षण उपग्रह गुरूवार को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया। सरकारी संवाद एजेंसी शिन्हुआ ने यह जानकारी दी। यह उपग्रह 'लॉन्ग मार्च-5 रॉकेट' से स्थानीय समयानुसार रात साढ़े दस बजे प्रक्षेपित किया गया। उपग्रह अपनी निर्धारित कक्षा में पहुँच गया है। इस उपग्रह का इस्तेमाल मुख्य रूप से बहु बैंड और तेज गति वाले संचार प्रौद्योगिकी सत्यापन परीक्षणों के लिए किया जाएगा। यह 'लॉन्ग मार्च रॉकेट' परिवार का 602वां मिशन था।

# ट्रंप और जिनपिंग अगले सप्ताह दक्षिण कोरिया की राजकीय यात्रा करेंगे



**सियोल,** (हि.स.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले सप्ताह दक्षिण कोरिया की राजकीय यात्रा पर पहुंचेंगे। दोनों नेता ग्योंगजू में होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे, जहां दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग से उनकी अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें निर्धारित हैं। द कोरिया टाइम्स के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार वाई सुंग-लाक ने बताया कि राष्ट्रपति ली 29 अक्टूबर को ट्रंप और एक नवंबर को शी जिनपिंग के साथ वार्ता करेंगे। इसके अलावा जापान की नई प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ भी शिखर वार्ता की रूपरेखा तय की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, सियोल ट्रंप की संभावित उत्तर कोरिया यात्रा पर भी नजर बनाए हुए है। हालांकि अब तक किम जोंग-उन से मुलाकात को लेकर कोई औपचारिक पुष्टि नहीं हुई है। ली ने सीएनएन से कहा कि ऐसी बैठक की संभावना कम है, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि ट्रंप दोनों कोरियाई देशों के बीच संवाद बहाल करने में सहयोगी भूमिका निभा सकते हैं। ट्रंप और ली के बीच यह अगस्त में व्हाइट हाउस में हुई वार्ता के बाद दूसरी आमने-सामने की मुलाकात होगी। इस दौरान दक्षिण कोरिया के 350 अरब डॉलर निवेश समझौते और अमेरिकी टैरिफ में कमी को लेकर वार्ता प्रमुख एजेंडा रहेगा। एपेक सम्मेलन से पहले राष्ट्रपति ली 26 से 28 अक्टूबर तक मलेशिया में आयोजित आसियान शिखर बैठक में शामिल होंगे।

# अमेरिका में अलास्का के जंगलों में होगा उत्खनन, तेल और गैस निकालने का दिया जाएगा पट्टा



**वाशिंगटन,** (हि.स.)। ट्रंप प्रशासन ने अलास्का के आर्कटिक राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य (ANWR) में तेल और गैस उत्खनन का रास्ता साफ कर दिया है। प्रशासन ने गुरुवार को अपनी योजना सार्वजनिक की, जिसके तहत इस अभयारण्य के तटीय मैदान में तेल और गैस पट्टों की बिक्री इस सर्दी में होगी। इसमें 2021 में बाइडेन प्रशासन द्वारा रद्द किए गए सात तेल पट्टों को बहाल किया जाएगा। अभयारण्य लगभग 15.6 लाख एकड़ में फैला हुआ है और यह ध्रुवीय भालू, कारिबू और प्रवासी पक्षियों सहित कई वन्यजीवों का महत्वपूर्ण आवास है। आंतरिक विभाग के सचिव डग बर्गम ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी अलास्का में इजेम्बेक राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य से होकर एक औद्योगिक सड़क का निर्माण संभव होगा, जो उत्तरी अलास्का में प्रस्तावित तांबे और जस्ता खदान तक पहुंचेगी। हालांकि, प्रमुख तेल कंपनियों ने अब तक इस अभयारण्य में ड्रिलिंग में कम रुचि दिखाई है और कुछ बैंकों ने खनन के लिए धन मुहैया कराने से इनकार किया है। पर्यावरण समूहों ने योजना के खिलाफ मुकदमा दायर करने की योजना बनाई है। अलास्का वाइल्डरनेस लीग की क्रिस्टन मिलर ने कहा कि अभयारण्य के तटीय मैदान के औद्योगीकरण का विरोध किया जाएगा। इस क्षेत्र में खनन पर आधी सदी से राजनीतिक और कानूनी लड़ाई चली आ रही है। 1980 में राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने इसे राष्ट्रीय हित भूमि संरक्षण अधिनियम के तहत संरक्षित किया था, लेकिन बाद में कांग्रेस ने 2017 में इस प्रतिबंध को कमजोर किया। पिछली नीलामी में बड़ी तेल कंपनियों ने बोली नहीं लगाई थी।

# मेक्सिको ने कथित 'ड्रग तस्कर' को अमेरिका प्रत्यर्पित किया




**मेक्सिको सिटी,** (हि.स.)। मेक्सिको ने कथित मादक पदार्थ तस्कर एवं चीनी नागरिक झी दोंग झांग को गुरूवार को अमेरिका को प्रत्यर्पित कर दिया। 'ब्रदर वांग' के नाम से 'कुख्यात' झांग को जुलाई में मेक्सिको से घरेलू नजरबंदी से भागने के बाद क्यूबा में दो अन्य संदिग्धों के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसे अमेरिका में फेंटेनिल सहित अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोपों का सामना करना पड़ेगा। झांग पर मेक्सिकी 'ड्रग कार्टलों' के साथ सांठगांठ कर चीन से फेंटेनिल और अन्य नशीले पदार्थों की आपूर्ति, तस्करी तथा वितरण का आरोप है। मेक्सिकी संघीय अदालत ने झांग को प्रत्यर्पण से पहले घरेलू नजरबंदी में रखा था, लेकिन वहां से फरार हो गया। हालांकि क्यूबा में गिरफ्तारी के बाद उसे मेक्सिको लाया गया जहां उसे तुरंत अमेरिकी अधिकारियों के हवाले कर दिया। मेक्सिकी सुरक्षा सचिव ओमर गार्सिया हार्फुच ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आज उसे अमेरिकी अधिकारियों को सौंप दिया गया।" यह प्रत्यर्पण अमेरिका-मेक्सिको के बीच 'ड्रग' तस्करी के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बुलेटिन बॉक्स

» **अलास्का में उत्खनन मंजूरी – ट्रंप प्रशासन ने आर्कटिक राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य में तेल और गैस उत्खनन की योजना को हरी झंडी दिखाई।**

---

» **भारत vs ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट – एडिलेड में दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दो विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला पर कब्जा किया।**

---

» **मेसी का नया करार – फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के साथ तीन साल का नया अनुबंध साइन किया; अब 2028 तक MLS में खेलेंगे।**

# महिला विश्वकप 2025 :मंधाना-प्रतिका की पारियों ने लूटी महफिल न्यूजीलैंड को हराकर भारत ने सेमीफाइनल में बनाई जगह,



**मुंबई,** (हि.स.)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गुरुवार को डीवाई पाटिल स्टेडियम, मुंबई में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भारत ने बारिश से प्रभावित मैच में डीएलएस पद्धति के तहत विरोधी टीम को 53 रनों से हराया।

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने तीन विकेट खोकर 49 ओवरों में 340 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ओपनर स्मृति मंधाना ने 95 गेंदों में 10 चौके और 4 छक्कों की मदद से 109 रन बनाए, जबकि प्रतिका रावल ने 134 गेंदों में 13 चौके और 2 छक्कों की मदद से 122 रन का शानदार योगदान दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 212 रनों की भारी साझेदारी कर टीम को बड़े टोटल तक पहुंचाया।

जवाब में न्यूज़ीलैंड को निर्धारित 44 ओवरों में 325 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। टीम 271 रन ही बना पाई। ब्रूक हॉलिडे ने 81 रन और इसाबेल गेज ने नाबाद 65 रन की पारी खेली। भारत की ओर से रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ ने दो-दो विकेट लिए, जबकि स्नेह राणा, श्री चरणी, दीप्ति शर्मा और प्रतिका रावल ने एक-एक सफलता हासिल की।इस जीत के साथ भारत ने वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और मंधाना-प्रतिका की शानदार पारियों ने भारतीय दर्शकों का मन मोह लिया। कप्तान और टीम के प्रदर्शन ने एक बार फिर टीम इंडिया की बढ़ती ताकत और विश्व कप में उनकी मजबूत दावेदारी को प्रदर्शित किया।

# भारत के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए एडवड्र्स ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल, बियर्डमैन टी20 स्क्वाड में, मैक्सवेल की वापसी

**सिडनी,** (हि.स.)। न्यू साउथ वेल्स के ऑलराउंडर जैक एडवड्र्स को पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्हें भारत के खिलाफ सिडनी में होने वाले अंतिम वनडे मैच के लिए जगह मिली है। वहीं, ग्लेन मैक्सवेल और बेन ड्वार्शुइस चोट से उबरकर आगामी टी20 श्रृंखला के अंतिम मुकाबलों में वापसी करेंगे। युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन को भी भारत के खिलाफ टी20 टीम में शामिल किया गया है।



**वनडे टीम में एडवड्र्स की एंट्री** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को वनडे और टी20 दोनों टीमों में कई बदलावों की घोषणा की। मार्नस लाबुशेन को सिडनी में तीसरे वनडे से पहले टीम से रिलीज कर दिया गया है ताकि वे शेफील्ड शील्ड मैच में क्वींसलैंड की ओर से न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ खेल सकें। मैथ्यू कूनेमन को फिर से वनडे टीम में बुलाया गया है, जिन्होंने पहले वनडे में अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं, जॉश फिलिप को बैकअप विकेटकीपर के रूप में जोड़ा गया है क्योंकि जॉश इंग्लिस अभी भी पिंडली की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे हैं।

**ऑस्ट्रेलिया की घोषित टीमें**

वनडे टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), ज़ेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कूपर कॉनॉली, जैक एडवड्र्स, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस, मैथ्यू कूनेमन, मिचेल ओवेन, जॉश फिलिप, मैट रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क, एडम ज़म्पा।

टी20 टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, ज़ेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, टिम डेविड, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस, मैथ्यू कूनेमन, मिचेल ओवेन, जॉश फिलिप, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टॉइनिस, एडम ज़म्पा।

**टी20 श्रृंखला में रोटेशन और वापसी** : जोश हेजलवुड और सीन एबॉट को टी20 श्रृंखला में सीमित मैचों के लिए रखा गया है। हेजलवुड केवल शुरुआती दो टी20 खेलेंगे जबकि एबॉट तीसरे मैच तक टीम में रहेंगे। दूसरी ओर, ग्लेन मैक्सवेल अब अपनी कलाई की चोट से पूरी तरह उबरकर अंतिम तीन टी20 में टीम से जुड़ेंगे। बेन ड्वार्शुइस भी पिंडली की चोट से फिट होकर चौथे और पांचवें मैच में वापसी करेंगे।

**महली बियर्डमैन को बड़ा मौका** केवल 20 वर्षीय महली बियर्डमैन को टी20 श्रृंखला के अंतिम तीन मैचों के लिए मौका मिला है। यह तेज गेंदबाज हाल ही में पर्थ स्कॉर्चर्स और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए शानदार फॉर्म में रहे हैं, जहां उन्होंने चार लिस्ट-ए मैचों में 12 विकेट 17.75 की औसत से लिए। उनके प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा है।

## ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड में बड़ा बदलाव, 25 वर्षीय जैक एडवड्र्स पहली बार टीम में शामिल'



**सिडनी,** (हि.स.)। भारत के खिलाफ जारी वनडे सीरीज के बीच ऑस्ट्रेलियाई टीम में बड़े बदलाव किए गए हैं। न्यू साउथ वेल्स के 25 वर्षीय ऑलराउंडर जैक एडवड्र्स को पहली बार टीम में जगह दी गई है। उन्हें सिडनी में होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे के लिए शामिल किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने घोषणा की कि ग्लेन मैक्सवेल और बेन ड्वार्शुइस फिट होकर आगामी टी20 श्रृंखला के अंतिम चरण में लौटेंगे। वहीं, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन को आखिरी तीन टी20 मैचों के लिए टीम में बुलाया गया है। मार्नस लाबुशेन को घरेलू शेफील्ड शील्ड खेलने के लिए रिलीज किया गया है, जबकि जोश हेजलवुड और सीन एबॉट टी20 सीरीज के अंत में टीम से बाहर हो जाएंगे। स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन की सिडनी वनडे में वापसी हुई है और विकेटकीपर जॉश फिलिप को भी टी20 टीम में शामिल किया गया है।

भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में मिचेल मार्श ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे।

# लंकाशायर ने स्टीवन क्रॉफ्ट को मुख्य कोच नियुक्त किया

**लंदन,** (हि.स.)। इंग्लिश काउंटी क्रिकेट क्लब लंकाशायर ने स्टीवन क्रॉफ्ट को अपना नया मुख्य कोच (हेड कोच) नियुक्त करने की घोषणा की है। क्रॉफ्ट पिछले कुछ महीनों से अंतरिम कोच की भूमिका निभा रहे थे और उनके सफल कार्यकाल के बाद अब उन्हें स्थायी रूप से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।



क्रॉफ्ट ने मई में डेल बेंकेनस्टीन के पद छोड़ने के बाद कोचिंग की जिम्मेदारी संभाली थी। सीज़न के पहले आधे हिस्से में लंकाशायर एक भी काउंटी चैम्पियनशिप मैच नहीं जीत पाया था, लेकिन टीम ने शानदार वापसी करते हुए डिवीजन-2 में पांचवां स्थान हासिल किया और साथ ही टी20 ब्लास्ट फाइनल्स डे तक का सफर तय किया।

स्टीवन क्रॉफ्ट ने क्लब के हवाले से कहा, "इस महान क्लब का मुख्य कोच नियुक्त होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। लैंकाशायर मेरे जीवन का बड़ा हिस्सा रहा है — एक खिलाड़ी के रूप में अकादमी से जुड़ने से लेकर टीम की कप्तानी करने तक और अब मैदान के बाहर यह नई भूमिका निभाने तक।"

उन्होंने आगे कहा, "मुझे गर्व है कि टीम ने पिछले सीज़न के दूसरे भाग में जिस तरह से प्रतिक्रिया दी। हमारे पास एक प्रतिभाशाली और जुनूनी दल है जो 'रेड रोज़' का गर्व से प्रतिनिधित्व करता है। अब मेरा लक्ष्य है कि उस प्रगति को आगे बढ़ाते हुए खिलाड़ियों के प्रदर्शन को निखारूं और क्लब को फिर से सफलता दिलाऊं।"

क्रॉफ्ट, जो 41 वर्ष के हैं, 2011 में लंकाशायर की काउंटी चैम्पियनशिप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। उन्होंने 2023 में संन्यास लिया था, और क्लब के लिए 600 से अधिक मैच खेले थे।

लंकाशायर के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट परफॉर्मेंस मार्क चिल्टन ने कहा, "हमें खुशी है कि स्टीवन ने स्थायी रूप से यह भूमिका स्वीकार की है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में जिम्मेदारी संभालते हुए शानदार नेतृत्व क्षमता दिखाई। उनका जुनून, क्रिकेट ज्ञान और खिलाड़ियों से जुड़ने की क्षमता उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त बनाती है।"

चिल्टन ने यह भी बताया कि क्रॉफ्ट अब पहली टीम की रोज़ाना कोचिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें सहायक कोच विल पोर्टरफील्ड का सहयोग मिलेगा, जबकि कोचिंग विभाग में और भी नियुक्तियाँ जल्द की जाएंगी।

# लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के साथ अनुबंध बढ़ाया, 2028 तक क्लब में बने रहेंगे

**मियामी,** (हि.स.)।विश्व फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के साथ अपना नया तीन साल का अनुबंध साइन कर लिया है। इस समझौते के साथ मेसी अब 2028 तक मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में खेलते नजर आएंगे। यह घोषणा मियामी के प्लेऑफ ओपनर से ठीक एक दिन पहले की गई। इंटर मियामी ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में तीसरे स्थान पर रहते हुए शुक्रवार को नैशविल के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज़ के पहले मुकाबले की मेजबानी करेगी।



**'मियामी फ्रीडम पार्क मेरा सपना बन चुका है'** : करार पर हस्ताक्षर के बाद मेसी ने कहा, "यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है कि मैं यहां रहकर इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रहा हूं, जो मेरे सपने के साथ-साथ अब एक खूबसूरत हकीकत बन चुका है — मियामी फ्रीडम पार्क में खेलना। जब से मैं मियामी आया हूं, मैं बेहद खुश हूं और इस सफर को जारी रखने के लिए उत्साहित हूं।" यह फैसला न केवल इंटर मियामी क्लब के लिए बल्कि पूरी एमएलएस लीग के लिए भी अहम माना जा रहा है।

**रिकॉर्ड तोड़ फॉर्म में मेसी**

पिछले सीजन में एमएलएस के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर बने मेसी इस बार भी खिताब के प्रबल दावेदार हैं। उन्होंने इस सीजन में 29 गोल और 19 असिस्ट किए हैं, जो एमएलएस में रिकॉर्ड प्रदर्शन है। मेसी लगातार पांच मैचों में एक से अधिक गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बने और 10 मैचों में मल्टी-गोल प्रदर्शन कर नया लीग रिकॉर्ड बनाया।

**करियर का अंतिम पेशेवर अनुबंध** : 38 वर्षीय मेसी का यह अनुबंध उनके करियर का आखिरी पेशेवर करार माना जा रहा है। 2004 में बार्सिलोना से डेब्यू करने वाले मेसी ने 2022 में अर्जेंटीना को विश्व कप दिलाया था। इसके बाद उन्होंने पीएसजी को अलविदा कहकर इंटर मियामी का रुख किया। अब तक मेसी क्लब के लिए 82 मैचों में 71 गोल और 27 असिस्ट कर चुके हैं तथा टीम को लीग्स कप और एमएलएस सपोर्टर्स शील्ड जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# वियना ओपन 2025: सिनर ने कोबोली को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**वियना,** (हि.स.)।शीर्ष वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अपने ही हमवतन फ्लावियो को बोली को हराकर वियना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। गुरुवार को खेले गए प्री-क्वार्टर मुकाबले में सिनर ने कोबोली को 6-2, 7-6(4) से मात दी।



पहले सेट में सिनर ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 6-2 से आसानी से जीत हासिल की, लेकिन दूसरे सेट में कोबोली ने कड़ा मुकाबला दिया। हालांकि टाई-ब्रेक में सिनर ने बेहतर खेल दिखाते हुए मुकाबला अपने नाम किया।

चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर इस टूर्नामेंट में तब लौटे हैं जब उन्होंने शंघाई मास्टर्स में थकान और ऐंठन के कारण तीसरे दौर का मैच बीच में छोड़ दिया था। सिनर ने पहले सेट में एक भी ब्रेक प्वॉइंट का सामना नहीं किया, लेकिन दूसरे सेट में मिले चार ब्रेक मौके का फायदा नहीं उठा पाए।

मैच के बाद उन्होंने कहा, "फ्लावियो शानदार टैलेंट और बेहतरीन प्रतियोगी हैं। हमने कई बेहतरीन रैलियां खेलीं। दूसरे सेट में मुझे मौके मिले लेकिन मैं उन्हें भुना नहीं सका, यही टेनिस है। मैंने सकारात्मक मानसिकता बनाए रखी और आज के खेल से खुश हूं।"

क्वार्टर फाइनल में अब सिनर का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त कजाख खिलाड़ी एलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा, जिन्होंने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-4, 6-2 से हराया। वहीं, दूसरे वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव भी अंतिम आठ में पहुंच गए हैं, जहां उनका मुकाबला टालोन ग्रिकसपोर से होगा।

इस बीच, फ्रांस के कोरेंटिन माउटे ने रूस के दानिल मेदवेदेव से पिछली हार का बदला चुकता किया। पिछले रविवार को अल्माटी फाइनल में मेदवेदेव ने माउटे को हराया था, लेकिन इस बार माउटे ने शानदार वापसी करते हुए 7-6(7/3), 6-4 से जीत दर्ज की।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा वनडे जीतकर क्लीन स्वीप से बचना चाहेगा भारत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में दूसरा वनडे दो विकेट से जीतकर भारत के खिलाफ तीन मैचों की शृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। अब सिडनी में तीसरा मैच औपचारिकता मात्र रह गया है। भारतीय टीम पहले दोनों मैचों में असंतुलित दिखी, जहां कप्तान शुभमन गिल और विराट कोहली के जल्दी आउट होने से बल्लेबाजी ढह गई। कोहली ने अपने करियर में पहली बार लगातार दो 'डक' झेले। रोहित शर्मा ने एडिलेड में 73 रन बनाए, पर हार नहीं टल सकी।



हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी में टीम का संतुलन बिगड़ा। अब संभावना है कि यशस्वी जायसवाल, कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा को मौका मिले। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया के युवा खिलाड़ियों मैट शॉर्ट, मैथ्यू रेंसॉ और कूपर कॉनॉली ने शानदार प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलिया अब भारत को पहली बार 3-0 से हराने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करना चाहेगा।